Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 344 | बुधवार, 17 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## हादसा: यमुना एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते हादसा, पांच बसें-यार कारें जलकर राख

# मथुरा में 14 वाहन भिड़े, 13 की मौत



मनोज शर्मा/मथुरा

**मथुरा।** मंगलवार सुबह यमुना एक्सप्रेसवे के थाना बलदेव क्षेत्र के माइलस्टोन 127 गांव खड़ेहरा पर आगरा से नोएडा जा रही लाइन पर भयानक सड़क हादसा हो गया। यहां विजुअलिटी कम होने के कारण कोहरे में वाहनें आपस में टकरा गए। इससे वाहनों में आग लग गई।

बताया जाता है सात बसें और तीन कारों में भीषण आग लगी है। वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसा इतना भयानक था की 13 लोगों की जलकर मौत हो गई जबकि लगभग 6 दर्जन से अधिक घायलों को उपचार के लिए लगभग 20 एम्बुलेंसों के जरिए चिकित्सालय पहुंचाया गया। एक्सप्रेस-वे पर घटना की सूचना पर इलाका पुलिस व पुलिस प्रशासन प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। रेस्क्यू अभियान चलाया गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। एक्सप्रेस वे पर सुबह-सुबह हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम सीपी सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए। बताया जाता है अग्निकांड इतना भीषण था की चारों ओर आग ही आग दिखाई दे रही थी। आंख की लफ्ट काफी ऊंची ऊंची उठ रही थी जो किलोनमीटर तक देखी गईं। लोग बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे। डीएम एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना से मार्ग अवरुध हो गया। वाहनों की लाईन लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को क्रेन से हटवा कर साईड से किया गया।

आग इतनी भीषण थी लगभग एक दर्जन दमकलों ने आग पर काबू पाया। हादसे में कानपुर के लोग ज्यादा घायल हुए हैं। एक ही परिवार के कई लोग हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने भीषण हादसे में 13 लोगों की जलकर मृत्यु होने की पुष्टि की है। एसएसपी ने बताया लोगों को सरकारी वाहनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है।

रूट डायवर्जन कर वाहनों को निकाला गया। दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया है। घटना स्थल से मिले मलवे व अन्य सामान को मोर्चरी में रखवाया गया है। 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा है जिससे उनके परिजन आए तो मिलान हो सके।

शवों की शिनाख्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से फिर दर्ज कराई गई है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे कडी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### योगी ने जताया शोक



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों का तत्काल समुचित एवं निशुल्क उपचार सुनिश्चित करते हुए उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को पचास पचास हजार रुपए की आर्थिक राहत सहायता राशि देने की घोषणा की है।







## ओवरटेकिंग करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई डीएम, एडीएम सहित चार सदस्यीय जांच टीम गठित

डीएम सीपी सिंह ने बताया कोहरे की दृष्टिगत लो विजिबिलिटी होने के कारण गाड़ियों का एक्सीडेंट हुआ है। घायलों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। पुलिस विभाग अग्निशमन विभाग स्वास्थ्य विभाग व एन एच ए आई आदि टीमों द्वारा दुर्घटना स्थल पर तत्काल पहुंचकर बचाव कार्य किया गया। सरकारी वाहनों से बाकी लोगों को गंतव्य तक पहुंचाया गया है। डीएम ने आगे बताया कि कोहरा अधिक होने के कारण मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों की स्पीड कम कराई जाए कानबाई बनाकर चलाई जाए और ओवरटेकिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। घटना दुर्भाग्यपूर्ण है घटना की जांच कराई जाएगी। प्रत्येक एंगल से घटना की बारीकि की जांच होगी। एडीएम प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चंद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड एक व सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन 48 घंटे में जांच कर घटना की रिपोर्ट सौंपेंगे। जिससे ऐसी घटनाओं पर रोक लगा सके।

## डीएम एसएसपी ने जाना घायलों का हाल-चाल

यमुना एक्सप्रेसवे के बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुई घटना के बाद सीएम के निर्देश पर दुर्घटना में घायल हुए लोगों का हाल-चाल जानने के लिए डीएम सीपी सिंह एसएसपी श्लोक कुमार सीएमओ जिला चिकित्सालय पहुंचे। डीएम एसएसपी ने घायलों से बात की। डीएम एसएसपी ने सीएमएस को घायलों को उचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

### कमिश्नर व डीआईजी पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही कमिश्नर आगरा शैलेंद्र कुमार सिंह व डीआईजी शैलेश पांडे मथुरा पोस्टमार्टम गृह पहुंचे और स्थिति का अवलोकन कर संबंधित अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अस्पताल में हाल-चाल भी घायलों जाना। उपचार मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी जुटाई।

### बहादुर सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि

## विजय दिवस पर राष्ट्रपति भवन में 'परम वीर दीर्घा' का उद्घाटन



**नई दिल्ली।**


1971 में पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में 'परम वीर दीर्घा' का उद्घाटन किया। इस गैलरी में सभी 21 परम वीर चक्र विजेताओं के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। परम वीर चक्र भारत का सबसे बड़ा सैन्य सम्मान है, जो युद्ध के दौरान वीरता, साहस और आत्म-बलिदान के असाधारण कार्यों के लिए दिया जाता है। राष्ट्रपति भवन की जिस गैलरी में 'परम वीर दीर्घा' बनाई गई है, वहां पहले ब्रिटिश एडीसी के चित्र प्रदर्शित थे। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय नायकों के चित्र प्रदर्शित करने की यह पहल औपनिवेशिक सोच छोड़ने और भारत की संस्कृति, विरासत व परंपराओं की समृद्धता को गर्व के साथ अपनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में उन सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी जिन्होंने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर जीत दिलाने में मदद की थी।

### इंडिगो ने सुबह-सुबह जारी कर दी ट्रैवल एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में आज बेहद घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में और धना कोहरा होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। घने कोहरे की चादर में लिपटी दिल्ली में कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच गई है। वहीं, इंडिगो ने बुधवार की सुबह घने कोहरे के लिए यात्रा संबंधी सलाह जारी की, जिसमें उत्तर और पूर्वी भारत में छाए धुंध भरे शीतकालीन आसमान के कारण कम दृश्यता और धीमी उड़ान गतिविधियों की आशंका जताई गई है।

## 'हिमाचल में वन भूमि से न हटाए जाएं सेब के बगीचे'

**नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को रद करते हुए लाखों सेब उत्पादकों को राहत प्रदान की। हाई कोर्ट ने वन भूमि पर अवैध कब्जे करके लगाए गए सेब के बगीचों को हटाने का निर्देश दिया था और प्रदेश सरकार से कहा था कि हाशिए पर पड़े वर्ग और भूमिहीन लोगों की मदद के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट ने अपने आदेश के जरिये ऐसी गलती की है, जिससे बहुत गंभीर परिणाम हो सकते हैं और इससे समाज में हाशिए पर पड़े वर्ग और भूमिहीन लोगों पर असर पड़ेगा। पीठ ने कहा कि ये मामला नीतिगत दायरे में आता है और हाई कोर्ट को ऐसा आदेश नहीं देना चाहिए, जिसमें फल देनेवाले पेड़ों को काटना सुनिश्चित होता हो। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वन भूमि पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए राज्य सरकार कदम उठा सकती है। सरकार को कल्याणकारी नजरिये से चीजों को देखते हुए प्रस्ताव तैयार करना चाहिए और जरूरी कार्रवाई के लिए केंद्र के सामने रखना चाहिए। हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देनेवाली राज्य सरकार, पूर्व डिप्टी मेयर टिकेंदर सिंह पंवार और एक्टिविस्ट राजीव राय की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

## दिल्ली-यूपी में ठंड का कहर जारी, कोहरे के कारण 131 उड़ानें रद

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में इस समय कोहरा और शीतलहर का प्रकोप जारी है, खासकर दिल्ली और यूपी राजस्थान में। 17 दिसंबर 2025 को मौसम मुख्य रूप से शुष्क और ठंडा रहा, कई जगहों पर घना कोहरा छाया हुआ है।

भारतीय मौसम विभागके अनुसार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी था, जबकि दिल्ली, यूपी, पंजाब, हरियाणा में घने कोहरे की चेतावनी। उत्तर भारत में शीतलहर और कोहरे से जनजीवन प्रभावित है। यात्रा करने वालों को सावधानी बरतें, क्योंकि विजिबिलिटी कम है। दक्षिण भारत (तमिलनाडु और केरल) में कुछ जगहों पर बारिश की चेतावनी है। दिल्ली में शीत लहर और घना कोहरा है। न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर (लगभग 10-15त्ड के आसपास), लेकिन ठंडक बनी हुई। आसमान मुख्य रूप से साफ, कोई बारिश नहीं। दक्षिणी यूपी में शीतलहर को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



## संपादक की कलम से

# मोदी का नबीन प्रयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नितिन नबीन की नियुक्ति से राजनीतिक पंडितों और पार्टी के अधिकांश नेताओं को एक बार फिर चौंकाया है। बेशक पार्टी संसदीय बोर्ड का हवाला देती रहे, लेकिन शीर्ष नेतृत्व और संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां प्रधानमंत्री मोदी ही तय करते हैं। कुछ मामलों में गृहमंत्री अमित शाह की सलाह भी ली जाती है। आरएसएस की सहमति भी अनिवार्य है, लेकिन बुनियादी तौर पर चयन मोदी ही करते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की चर्चा, इस नियुक्ति की घोषणा से मात्र दो दिन पहले, संसदीय बोर्ड में की गई थी, लेकिन उस दौरान कोई नाम सामने नहीं था। संसदीय बोर्ड के अधिकांश सदस्यों की राय थी कि पार्टी का भावी अध्यक्ष अपेक्षाकृत युवा हो, सवर्ण जाति का हो और हिंदी पट्टी के राज्य से हो। इन्हीं आधारों पर बिहार के 5वीं बार विधायक एवं मंत्री नितिन नबीन का चयन किया गया। वैसे भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक–दो अपवाद को छोड़ कर, सवर्ण जाति के ही रहे हैं। बेशक राज्यों में पिछड़े और दलित समुदाय के नेताओं को भी नेतृत्व सौंपा जाता रहा है। नितिन नबीन सवर्ण उपजाति–कायस्थ समुदाय– के नेता हैं और 45 साल उम्र है, लिहाजा वह भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। कुछ समय बाद वह जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। बेशक नितिन नबीन भाजयुमो में अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर काम कर चुके हैं, कुछ राज्यों के प्रभारी और सह–प्रभारी भी रहे हैं, लिहाजा संगठन की आत्मा और अपेक्षाओं को वह बखूबी जानते हैं। जब नड्डा पार्टी अध्यक्ष बने थे, तब उनकी उम्र 52 साल थी। अमित शाह 49 साल के थे। राजनाथ सिंह भी 52–53 साल के रहे होंगे। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की आयु भी 55–58 साल की रही होगी, जब वे पहली बार भाजपा अध्यक्ष बने थे, लिहाजा उम्र शीर्ष नेतृत्व का कोई मानदंड नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी का यह नबीन प्रयोग चुनौतीपूर्ण जरूर है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर मोहन चरण माझी, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, बिप्लव देब, भूपेंद्र पटेल, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी आदि को विराजमान कर भाजपा की नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपा था। इन्हीं नेताओं की तरह नबीन भी भाजपा की चौथी पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं। अलबत्ता उनकी पहचान कभी राष्ट्रीय नहीं रही। बहरहाल अब नितिन नबीन भी उसी श्रृंखला की नई कड़ी बन गए हैं, जिसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, राजनाथ सिंह से लेकर जेपी नड्डा तक ने स्थापित किया और भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का सम्मान दिलाया। उस वर्चस्व, ओहदे और गरिमा को बरकरार रखना भी नितिन नबीन की चुनौती है। उनके सामने राजनीतिक और चुनावी चुनौती यह है कि 2026 में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027 में उप्र के महाचुनाव सामने होंगे। केरल में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत हुई है और उसने वाममोर्चे के 45 साल पुराने किले को ढहा दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा चुनाव में भी जनता भाजपा–एनडीए को कमोबेश एक मौका जरूर देगी, लेकिन तमिलनाडु में आज भी भाजपा शून्य है। बेशक अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन से उसे कुछ सीट हासिल हो जाएं, लेकिन तमिल के हिंदुओं ने अभी भाजपा को स्वीकार नहीं किया है। प्रधानमंत्री मोदी बार–बार वहां के राम मंदिरों में जाकर और पूजा कर प्रयास कर रहे हैं कि जनता की स्वीकृति मिल सके। वैसे परिणाम चुनाव के बाद ही स्पष्ट होंगे।



ललित शर्मा
संपादक



उदय किशोर साह

## बादलों की गाँव

कविता

बादलों की गाँव अति निराला
किसी के घर में ना लगता ताला
चोर लुटेरे सब हैं यहाँ पे गुमनाम
चारों तरफ बसते हैं जहाँ इन्सान

आस पड़ोसी सब हैं भाई भाई
हर नारी में झलकता है यहाँ ताई
लड़ाई झगड़ा का ना है कोई काम
कितना सुन्दर है प्रभु का वरदान

सुबह शाम जहाँ भक्ति की गुणगान
मंदिर मन्दिर हरिनाम की रसपान
कितना पवित्र पावन है ये जहान
कण कण में बसते हैं यहाँ भगवान

सूरज की किरणों का प्रथम है डेरा
ईर्ष्या द्वेष का कहीं नहीं है बसेरा
हर दिल में बसा है प्रेम महान
नजर नहीं आता है कहीं। बेईमान

काश। धरती पे होता ऐसा नजारा
शैतानों का तब ना होता कहीं गुजारा
हर मानव होता यहाँ पे भला इन्सान
ऐसी ही वर दो ओ उपर वाला भगवान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# इच्छा मृत्यु : संवेदना एवं संविधान के बीच फंसा मानवीय प्रश्न

इच्छा मृत्यु यानी व्यक्ति की अपनी इच्छा के अनुसार जीवन का अंत, भारत में लंबे समय से सामाजिक, नैतिक और कानूनी विमर्श का विषय रही है। यह प्रश्न केवल मृत्यु से जुड़ा नहीं है, बल्कि असहनीय पीड़ा, मानवीय गरिमा, करुणा और आत्मनिर्णय के अधिकार से गहराई से संबंधित है। इनदिनों एक 32 वर्षीय युवक, जो पिछले 13 वर्षों से कोमा जैसी स्थिति में है, इस त्रासदी का जीवंत उदाहरण है। न चेतना, न संवाद, न सुधार की कोई संभावना, फिर भी परिवार भावनात्मक, मानसिक और आर्थिक यातना झेलने को विवश है। इस मामले ने एक बार फिर इच्छा मृत्यु के प्रश्न पर विमर्श का वातावरण बना दिया है। ऐसे हजारों मामले देशभर में चुपचाप पीड़ा सह रहे हैं, जिनका न तो कोई समाधान है और न ही कोई स्पष्ट कानूनी रास्ता। यह स्थिति केवल चिकित्सा संकट नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक न्याय की गंभीर परीक्षा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने जीवन को कृत्रिम रूप से लंबे समय तक बनाए रखने की क्षमता तो विकसित कर ली है, लेकिन यह तय नहीं कर पाया है कि जब जीवन केवल पीड़ा, चेतनाहीनता और निरर्थक जैविक क्रिया बन जाए, तब उसे ढोते रहना ही मानवता है या उसे सम्मानपूर्वक विदा देना अधिक करुणामय विकल्प है। विडंबना यह है कि जो लोग असाध्य बीमारी, लंबे कोमा या पूर्णतः चेतनाशून्य अवस्था में नारकीय जीवन जीने को विवश हैं, उनके लिए भारतीय कानून आज भी स्पष्ट और मानवीय मार्ग तय नहीं कर पाया है। ऐसे लोग यह मानते हैं कि जब जीवन से गरिमा, चेतना और आशा समाप्त हो जाए, तब जीवन की तुलना में गरिमापूर्ण मृत्यु अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

प्रश्न यह उठता है कि हमारा कानून ऐसी मृत्यु को आज भी संदेह, भय और अपराध की दृष्टि से क्यों देखता है? भारतीय दंड संहिता की धारा 309 और 306 लंबे समय तक इच्छा मृत्यु के मार्ग में कानूनी बाधा बनी रहीं। भले ही 2017 के मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम में आत्महत्या के प्रयास को मानसिक पीड़ा का परिणाम मानते हुए अपराध की श्रेणी से आंशिक रूप से बाहर किया गया हो, लेकिन इच्छा मृत्यु के प्रश्न पर आज भी कोई समग्र और स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की बात करता है, परंतु यह बहस आज भी जारी है कि क्या इसमें गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार अंतर्निहित है या नहीं? इच्छा मृत्यु को लेकर भारतीय न्यायपालिका का सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग मामले में देखने को मिला। अरुणा शानबाग, जो मुंबई के केईएम अस्पताल में नर्स थीं, 1973 में हुए एक अमानवीय हमले के बाद मस्तिष्क क्षति का शिकार हो गईं और 42 वर्षों तक परसिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट-यानी सतत विकृतशील दशा में रहीं। उनकी ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सक्रिय इच्छा मृत्यु को अस्वीकार करते हुए यह स्वीकार किया कि निष्क्रिय इच्छा मृत्यु को सशर्त अनुमति दी जा सकती है। न्यायालय ने माना कि यदि रोगी की स्थिति असाध्य है, चेतना लौटने की कोई संभावना नहीं है और उपचार केवल जीवन को यांत्रिक रूप से खींच रहा है, तो विशेषज्ञों की राय और न्यायिक निगरानी में जीवन रक्षक उपचार हटाया जा सकता है। यह निर्णय भारतीय न्यायिक इतिहास में एक बड़ा कदम था, लेकिन यह भी स्पष्ट हो गया कि यह समाधान अपवाद था, स्थायी कानून नहीं।





ललित गर्ग


इसके बाद 2018 में कॉमन कॉज बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह ऐतिहासिक टिप्पणी की कि जीवन का अधिकार केवल जीवित रहने का अधिकार नहीं, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन और गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार भी है। इसी फैसले में ‘लिविंग विल’ या ‘एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव’ को वैध माना गया, जिसके माध्यम से कोई व्यक्ति पहले से यह दर्ज कर सकता है कि असाध्य अवस्था में उसे जीवन रक्षक उपचार न दिया जाए। किंतु इस प्रक्रिया को इतनी जटिल औपचारिकताओं से बाँध दिया गया कि व्यवहार में यह अधिकार आम नागरिक के लिए लगभग अप्राप्य बनकर रह गया। हाल के वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं जो इस समस्या की भयावहता को उजागर करते हैं। इच्छा मृत्यु की आवश्यकता इसी यथार्थ से जन्म लेती है। असाध्य कैंसर, न्यूरोलॉजिकल रोगों और अंतिम अवस्था की बीमारियों में जीवन पीड़ा का पर्याय बन जाता है। चेतनाहीन शरीर को मशीनों के सहारे जीवित रखना जीवन कम और यातना अधिक प्रतीत होता है।

व्यक्ति को अपने जीवन के अंतिम निर्णय का अधिकार मिलना चाहिए, क्योंकि आत्मनिर्णय लोकतांत्रिक समाज का मूल मूल्य है। लंबे समय तक चलने वाला उपचार परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ देता है और सीमित चिकित्सा संसाधनों का प्रश्न भी खड़ा करता है। इच्छा मृत्यु के विरोध में यह तर्क दिया जाता है कि इसका दुरुपयोग हो सकता है, बुजुर्गों या गरीबों पर दबाव बनाया जा सकता है और डॉक्टर जीवन-मृत्यु का निर्णयकर्ता बन जाएंगे। ये आशंकाएँ गंभीर हैं, किंतु इनका समाधान इच्छा मृत्यु को नकारने में नहीं, बल्कि स्पष्ट, सख्त और पारदर्शी कानून बनाने में है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव बताते हैं कि जहां स्पष्ट कानून और बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था है, वहां दुरुपयोग की संभावना कम होती है। नीदरलैंड्स, बेल्जियम, कनाडा और स्विट्जरलैंड जैसे देशों ने यह सिद्ध किया है कि करुणा और नियंत्रण साथ-साथ चल सकते हैं। वैसे भारत में भी जैन धर्म का संथारा (सल्लेखना) और आधुनिक संदर्भ में इच्छा मृत्यु दोनों पहली दृष्टि में समान प्रतीत होते हैं, किंतु दर्शन, उद्देश्य, प्रक्रिया और संवैधानिक व्याख्या के स्तर पर इनके बीच मौलिक अंतर भी हैं और कुछ गहरी समानताएँ भी। इसी कारण एक ही देश में संथारा निर्बाध चलता रहा है और इच्छा मृत्यु आज भी बहस का विषय बनी हुई है।

जैन धर्म में संथारा या सल्लेखना को मृत्यु नहीं, बल्कि जीवन की अंतिम साधना यानी मृत्यु का महोत्सव माना गया है। यह न तो पीड़ा से पलायन है और न ही जीवन से पलायन, बल्कि आसक्ति, क्रोध, भय और मोह के क्षय की आध्यात्मिक प्रक्रिया है। संथारा तब लिया जाता है जब व्यक्ति यह अनुभव करता है कि उसका शरीर साधना के योग्य नहीं रहा, बीमारी असाध्य हो चुकी है, या वृद्धावस्था में देह शिथिल हो गई है। इसमें भोजन और जल का त्याग क्रमशः, संयमपूर्वक और गुरु की आज्ञा से किया जाता है। इसका उद्देश्य शरीर को नष्ट करना नहीं, बल्कि आत्मा को निर्मल करना होता है। जैन दर्शन में यह माना जाता है कि मृत्यु तो अनिवार्य है, प्रश्न केवल इतना है कि वह आसक्ति और व्याकुलता में हो या समता और सजगता में। इसके विपरीत इच्छा मृत्यु आधुनिक विधिक अवधारणा है, जिसका मूल उद्देश्य असहनीय शारीरिक या मानसिक पीड़ा से मुक्ति है। इसमें व्यक्ति यह चाहता है कि जीवन की यातना समाप्त हो जाए, क्योंकि चेतना, संवाद और सुधार की कोई संभावना नहीं बची है। यह निर्णय भावनात्मक, चिकित्सकीय और परिस्थितिजन्य होता है, न कि आध्यात्मिक साधना का अंग। इच्छा मृत्यु में दवा, इंजेक्शन या जीवन रक्षक प्रणाली हटाने जैसे भौतिक साधन जुड़े होते हैं, जबकि संथारा में हिंसा का कोई सक्रिय साधन नहीं होता।

अब समय आ गया है कि भारत भी इच्छा मृत्यु विषय पर संकोच छोड़कर स्पष्ट और मानवीय कानून बनाए। ऐसा कानून जो असाध्य और अपरिवर्तनीय स्थितियों की वैज्ञानिक पहचान करे, रोगी की इच्छा और गरिमा को सर्वोपरि माने, परिजनों को अनावश्यक पीड़ा से बचाए और डॉक्टरों को नैतिक तथा कानूनी सुरक्षा प्रदान करे। इच्छा मृत्यु जीवन के विरुद्ध नहीं, बल्कि अर्थहीन पीड़ा के विरुद्ध एक करुणामय विकल्प है। जब जीवन केवल मशीनों पर टिका एक जैविक क्रम बन जाए और चेतना, सम्मान व आशा समाप्त हो जाए, तब मृत्यु को अपराध नहीं, बल्कि मानवीय अधिकार के रूप में देखना होगा। यदि हमारा संविधान जीवन को गरिमा देता है, तो उसी गरिमा के साथ मृत्यु चुनने का अधिकार भी देना होगा। इच्छा मृत्यु पर स्पष्ट कानून बनाना केवल कानूनी सुधार नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, परिपक्व और करुणामय समाज की पहचान है। मानवीय करुणा की मांग है कि जीवन की पवित्रता और पीड़ा की क्रूरता के बीच संतुलन बनाया जाए। इच्छामृत्यु जब सहमति से होगी तो मानवता को कायम रखा जा सकता है। न्यायपालिका को ऐसा न्याय देना चाहिए, जो रोगी को पीड़ा से मुक्त करे और एक करुणामय भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे।

# मनरेगा बनाम विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (वीबी-जी रामजी) बिल (ग्रामीण)- अधिकार आधारित कानून से मिशन-आधारित मॉडल तक की यात्रा



गोंदिया

भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था दशकों से संरचनात्मक चुनौतियों, बेरोजगारी अस्थायी आजीविका और कृषि-आधारित जोखिमों से जूझती रही है। वर्ष 2005 में लागू किया गया महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) इन चुनौतियों के विरुद्ध एक ऐतिहासिक हस्तक्षेप था, जिसने पहली बार ग्रामीण नागरिकों को रोजगार का कानूनी अधिकार प्रदान किया। अब संसद में पेश किया गया ‘विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी रामजी) बिल न केवल इस कानून को समाप्त करता है, बल्कि ग्रामीण रोजगार की अवधारणा को एक नए वैधानिक ढांचे में पुनर्परिभाषित करने का दावा करता है। यही कारण है कि यह विधेयक नीतिगत से अधिक राजनीतिक, वैचारिक और सामाजिक बहस का केंद्र बन गया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यदि हम इसको संवैधानिक दृष्टिकोण से देखेंगे तो, मनरेगा ने अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) और अनुच्छेद 39 (राज्य के नीति निर्देशक तत्व) की भावना को व्यावहारिक रूप दिया था। यदि नया कानून अधिकार आधारित नहीं रहता, तो यह प्रश्न उठेगा कि क्या यह संविधान की सामाजिक न्याय की भावना से पीछे हटना है। यह मुद्दा भविष्य में न्यायिक समीक्षा का विषय भी बन सकता है।

साथियों बात अगर हम वीबी-जी रामजी बिल क्या है, एक नया कानूनी ढांचा इसको समझने की करें तो, वीबी-जी रामजी बिल का पूरा नाम विकसित भारतरोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) बिल है। सरकार के अनुसार यह कानून विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत को केवल अस्थायी रोजगार नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका, कौशल - आधारित रोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जाना है। इस बिल के तहत ग्रामीण परिवारों को गारंटी वाले काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 करने का प्रस्ताव है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की वार्षिक आय में वृद्धि का दावा किया जा रहा है। मनरेगा को समाप्त कर नया कानून ऐतिहासिक बदलाव, यह बिल संसद में प्रस्तुत होते ही इसलिए विवादों में आ गया क्योंकि यह




2005 के मनरेगा अधिनियम को पूरी तरह समाप्त कर देता है। मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और अधिकार आधारित कानून के रूप में स्थापित रहा है। इसमें काम का अधिकार, समय पर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता, और पारदर्शिता के लिए सामाजिक अंकेक्षण जैसे प्रावधान शामिल थे। वीबी-जी रामजी बिल इन प्रावधानों को किस हद तक बनाए रखता है या बदलता है, यही वर्तमान बहस का केंद्र है। गारंटी वाले कार्यदिवस -100 से 125 दिन का प्रस्ताव, सरकार का कहना है कि 125 दिनों की रोजगार गारंटी ग्रामीण परिवारों को अधिक आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी। यह कदम विशेष रूप से उन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है जहाँ कृषि मौसम पर निर्भरता अधिक है और गैर-कृषि रोजगार के अवसर सीमित हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का तर्क है कि दिनों की संख्या बढ़ाना तभी सार्थक होगा जब भुगतान समय पर हो, काम की गुणवत्ता सुनिश्चित हो और बजटीय आवंटन पर्याप्त हो। राज्यों पर बढ़ेगा वित्तीय बोझ- वीबी - जी रामजी बिल का एक बड़ा संरचनात्मक बदलाव यह है कि इसमें राज्य सरकारों की वित्तीय जिम्मेदारी बढ़ाई गई है। मनरेगा में केंद्र सरकार की भागीदारी अपेक्षाकृत अधिक थी, जबकि नए बिल में राज्यों से अधिक खर्च की अपेक्षा की जा रही है। इससे संघीय ढांचे में असंतुलन की आशंका जताई जा रही है, विशेषकर उन राज्यों में जिनकी वित्तीय स्थिति पहले से ही कमजोर है। रोजगार से आजीविका की ओर नीति का झुकाव-सरकार का दावा है कि यह बिल केवल ‘काम उपलब्ध कराने’ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका के साधनों को विकसित करेगा। इसके अंतर्गत कौशल विकास, स्थानीयसंसाधनों पर आधारित रोजगार, ग्रामीण उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। यह दृष्टिकोण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई गई सस्टेनेबल लाइवलीहुड अप्रोच से मेल खाता है।

साथियों बात अगर हम मनरेगा बनाम वीबी-जी रामजी, मूलभूत अंतर को समझने की करें तो, मनरेगा एक अधिकार आधारित कानून था, जिसमें ‘काम मांगने’ का अधिकार स्पष्ट था। इसके विपरीत, वीबी-जी रामजी बिल को लेकर यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि यह अधिकार आधारित दृष्टिकोण से हटकर मिशन मोड में लागू होने वाली योजना बन सकता है। यदि ऐसा हुआ, तो ग्रामीण श्रमिकों की कानूनी सुरक्षा कमजोर हो सकती है। काम का स्वरूप- अकुशल श्रम से आजीविका तकमनरेगा मुख्यत- अकुशल श्रम पर केंद्रित रहा है, जैसे जल संरक्षण सड़क निर्माण, तालाब खुदाई आदि। इसके विपरीत, वीबी-जी रामजी बिल का दावा है कि वह रोजगार से आगे बढ़कर आजीविका पर ध्यान देगा। इसमें कौशल विकास, स्थानीय संसाधनों पर आधारित रोजगार और ग्रामीण उद्यमिता को शामिल करने की बात कही गई है। यह बदलाव सैद्धांतिक रूप से सकारात्मक है, लेकिन यह तभी सफल होगा जब जमीनी स्तर पर पर्याप्त प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ाव सुनिश्चित किया जाए। वित्तीय संरचना-केंद्र बनाम राज्य मनरेगा में वित्तीय भार का बड़ा हिस्सा केंद्र सरकार उठाती थी, जिससे राज्यों को अपेक्षाकृत राहत मिलती थी। नए बिल में राज्य सरकारों की वित्तीय हिस्सेदारी बढ़ाई जा रही है। इससे संघीय ढांचे में असंतुलन की आशंका जताई जा रही है, विशेषकर गरीब और पिछड़े राज्यों के लिए। यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि क्या सभी राज्य इस बढ़े हुए बोझ को वहन करने में सक्षम होंगे।

# सुनियोजित विकास की दिशा में बड़ा कदम उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में इनफ्लुएंसर्स के साथ हुई बैठक

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में वाराणसी के प्रमुख सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक का उद्देश्य शहर में हो रहे नए निर्माण कार्यों के मानकों की जानकारी देना तथा अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध जन जागरूकता बढ़ाना रहो बैठक के दौरान उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा द्वारा बताया गया कि वाराणसी में किसी भी नए लेआउट अथवा प्लॉटिंग के लिए प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य है उन्होंने बताया कि लेआउट स्वीकृति के लिए न्यूनतम नौ मीटर चौड़ी सड़क होना आवश्यक है भूमि उपयोग (लैंड यूज) रेजिडेंशियल होना चाहिए तथा यदि कुल क्षेत्रफल 3000 वर्ग मीटर से अधिक है तो कुल क्षेत्रफल का न्यूनतम 15 प्रतिशत भाग पार्क के लिए आरक्षित होना अनिवार्य होगो इन मानकों की पूर्ति होने पर ही लेआउट को स्वीकृति प्रदान की जाएगी उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा ने शहर में प्लॉटर्स द्वारा की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए इन्फ्लुएंसर्स से आग्रह किया कि वे अपने माध्यमों से इस समस्या को उजागर करें, ताकि आम जनता ऐसे अवैध लेआउट से सावधान रह सके उन्होंने यह भी कहा कि वाराणसी विकास प्राधिकरण जनता की सुविधा और शहर के सुव्यवस्थित विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है इसी क्रम में उन्होंने उपस्थित इन्फ्लुएंसर्स से अपील की कि चूँकि वे समाज के बड़े वर्ग को प्रभावित करते हैं इसलिए ऐसे वीडियो एवं कंटेंट तैयार करें जिनसे जनता को यह जानकारी मिले कि बिना प्राधिकरण से लेआउट स्वीकृत कराए किसी भी प्लॉट को न खरीदें साथ ही प्लॉटर्स को भी यह संदेश दें कि प्लॉटिंग के लिए निर्धारित नियमों और मानकों का पालन करना अनिवार्य है बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा सभी इन्फ्लुएंसर्स ने वाराणसी विकास प्राधिकरण के इस जनहितकारी अभियान में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# आधी रात का चांद नाटकीय पुस्तक का विमोचन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** आर आर पब्लिक स्कूल में आधी रात का चांद नाटकीय पुस्तक का विमोचन किया गया। इस नाटकीय पुस्तक में पारिवारिक समस्याओं को दशार्या गया है। स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने स्कूल की छात्रा वरेण्या कृष्णा सरोहा को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह हमारे स्कूल के लिए बहुत ही गौरव करने का अवसर है क्योंकि इसी स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा आठ की छात्रा वरेण्या कृष्णा सरोहा मूल रूप से राजा का ताजपुर में निवास करती हैं। उसके पिता दीपक सरोहा और माता अनु सरोहा पैशे से शिक्षक है। वरेण्या ने महज 12 वर्ष की आयु में 35 कविताएं, पांच लेख, पांच कहानियों सहित एक नाटक आधी रात का चांद की रचना कर स्कूल के साथ ही समस्त जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है। पारिवारिक समस्याओं पर आधारित नाटक आधी रात का चांद बहुत ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से परिपूर्ण है। इससे हमें बहुत कुछ सीखने और जानने का अवसर मिलेगा। इससे स्कूल में पढ़ने वाले दूसरे बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। छात्रा वरेण्या कृष्णा सरोहा को इस सराहनीय कार्य के लिए अलग-अलग संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इस दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए वरेण्या कृष्णा सरोहा ने बताया कि उसे बचपन से ही हिन्दी कविताएं, नाटक और लेख लिखना बेहद पसंद हैं। हिंदी भाषा जो कि हमारी संस्कृति और सभ्यता की प्रमुख पहचान है। आज वह अपनी मूल पहचान खोती जा रही है। हमारी युवा पीढ़ी में हिंदी के प्रति कम होती रुचि को ध्यान में रखते हुए इसके खोए स्वरूप को पुनः जीवित करने और आने वाली युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाएं रखने के उद्देश्य से लेख लिखना शुरू किया। अब लोगों द्वारा सम्मान मिलने पर बहुत अच्छा लग रहा है। जो कि आगे भी जारी रहने वाला है। स्कूल के शिक्षकों ने छात्रा के इस प्रशंसनीय कार्य पर अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भेंट की। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक चंचल कटारिया, रंजना चौहान, रजनीश चौहान, प्रीति रानी, कुसुम लता, स्वाति यादव, कपिल कुमार, संजीव डबास आदि उपस्थित रहे।

# राइसीना हॉउस ने डीडवानिआ ग्रुप के सहयोग से वाराणसी चैप्टर का किया शुभारंभ





(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** राइसीना हॉउस ने डीडवानिआ ग्रुप्स के सहयोग से अपने वाराणसी चैप्टर का औपचारिक शुभारंभ किया इस अवसर पर काशी एटरनल वैश्विक भविष्य के लिए विरासत एक मार्ग दर्शक विषय पर एक उच्चस्तरीय पैनल चर्चा का आयोजन कैंटोंनमेन्ट स्थित रेडिसन होटल में किया गया कार्यक्रम में भारत में ग्वाटेमाला के राजदूत महामहिम ओमार लिसान्द्रो कास्तानेदा सोलारेस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें कार्यक्रम का उद्घाटन अनुज डीडवानिया, संस्थापक एवं चेयरमैन, डीडवानिआ ग्रुप के उद्घाटन संबोधन से हुआ अपने संबोधन में उन्होंने काशी को एक जीवंत सभ्यतागत परंपरा बताते हुए कहा कि ऐसे संवाद मंच विरासत और समकालीन वैश्विक विचारों के बीच सेतु का कार्य करते हैं इस कार्यक्रम में विद्वानों, राजनयिकों और शिक्षाविदों ने काशी की शाश्वत सभ्यतागत प्रासंगिकता और समकालीन एवं भविष्य के वैश्विक विमर्श में उसकी भूमिका पर विचार विमर्श किया

# सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का जनपदीय अधिवेशन हुआ सम्पन्न

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग उ.प्र. जनपद बिजनौर का अधिवेशन ऑफिसर्स फील्ड हॉस्टिल, मध्य गंगा बैराज कॉलोनी बिजनौर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सम्पन्न हुआ। प्रान्तीय एवं मण्डलीय पदाधिकारियो के अलावा बड़ी तादाद में जनपद के सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स अधिवेशन में मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में लक्खी सिंह अध्यक्ष, पुष्पेन्द्र कुमार वर्मन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नासिर हुसैन उपाध्यक्ष, अंकित कुमार जनपद सचिव, अमित कुमार वित्त सचिव, राहुल चौहान संगठन सचिव, मयंक कुमार प्रचार सचिव एवं शिवानी गुप्ता लेखा संप्रेक्षक पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।प्रान्तीय अध्यक्ष इं.नितेन्द्र श्रीवास्तव ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान प्रान्तीय अध्यक्ष नितेन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव राकेश कुमार यादव, प्रान्तीय सलाहकार सुधीर पंवार, महासंघ के पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष राकेश त्यागी, अतिरिक्त महासचिव पश्चिम डी.डी.धारिया, सचिव हितैषिता निधि यासिर अराफात, सह सचिव प्रचार कृष्ण कुमार सिंह, मण्डल अध्यक्ष राकेश कुमार, उप महासचिव मनोज कुमार, जनपद अध्यक्ष लक्खी सिंह, जनपद सचिव अंकित कपासिया, महासंघ के जनपद अध्यक्ष आजाद सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कविराज सिंह, राकेश भारद्वाज, नवीन शर्मा, डी के शर्मा, गजेंद्र सिंह, गौरव कुमार, नासिर हुसैन, चन्द्रकुश चौहान, नरेश कुमार, रंजन भारद्वाज, आकिल अली, मौहम्मद अहमद, विपिन पंडित, मदनपाल सिंह, लवकुश कुमार, अर्पित गुप्ता, शिवानी गुप्ता एवं आरिफ मलिक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सुरक्षा की दृष्टि से रामघाट थाना पुलिस ने किया कई गांव में पैदल गस्त



वेलकम इंडिया

रामघाट/बुलंदशहर/ घने कोहरे बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए रामघाट थाना प्रभारी ने पैदल गस्त कर जनता को जागरूक किया आपको बता दें कि दिसंबर माह में घने कोहरे बढ़ती ठंड ध्यान में रखते हुए रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह ने मय पुलिस बल के साथ रात्रि में रामघाट जरगवां रामपुर चिरौरी सहित आदि गांव में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पैदल मार्च करना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी ने असमाजिक तत्व तथा अपराधी किस्म के लोगों को चेतावनी दी है कि किसी अपराधी ने क्षेत्र में कोई अपराध करने की कोशिश की तो ऐसे लोगों के साथ सख्त कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा रामघाट थाना प्रभारी ने भारतीय स्टेट बैंक से लेकर फौजी चौराहे तक पैदल गस्त की।इस मौके पर एसएसआई ऋषि पाल सिंह चौधरी एस आई हरिशंकर कृष्णपाल सिंह मरजात सिंह प्रदीप कुमार संजीत कुमार आदि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# अवर अभियंता अमित कुमार ने कैंप में जाकर ओ.टी.एस. के बारे में बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक किया

वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी



**सहारनपुर/गागलहेडी।** सहारनपुर मुख्य अभियंता राजेश कुमार व अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार व राज कपूर अधिशासी अभियंता सहारनपुर के निर्देशन में तथा उप खण्ड अधिकारी अंकित त्यागी कैलाशपुर के कुशल नेतृत्व में विद्युत बकाएदार ओ.टी.एस. योजना का लाभ लें : जेई अमित कुमार विद्युत उपभोक्ताओं को ओ.टी.एस. योजना का लाभ दिलाने के लिए विद्युत विभाग लगातार प्रयास कर रहा है इसके अंतर्गत आज ग्राम चौरादेव में जेई अमित कुमार ने कैम्प लगाया। इस दौरान बकाएदार विद्युत उपभोक्ताओं को जेई अमित कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने यह योजना आपको लाभ पहुंचाने के लिए लागू की है। इसलिए अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएं। जेई अमित कुमार ने ग्रामीणों को कहा कि विद्युत विभाग आपकी विद्युत सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करने के लिए हर समय आपके साथ है। इसके बावजूद भी कोई समस्या हो तो वह उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता है।

# पार्क में घटिया सामग्री इस्तेमाल नहीं होने दी जाएगी: ज्ञानेंद्र राघव

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर मंगलवार को मस्तराम गंगा घाट के निकट नगर पालिका परिषद अनूपशहर द्वारा लाखों की भारी भरकम धनराशि से निर्माण कराए जा रहें पार्क में घटिया सामग्री से निर्माण करने की शिकायत मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ व जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अनूपशहर गार्गी त्यागी से शिकायत की गई थी जिस पर मंगलवार को जांच करने पहुंचे पालिका के निर्माण प्रभारी संजय यादव मौके पर पहुंचकर व ज्ञानेंद्र सिंह राघव को बुलाते हुए शिकायत की जानकारी लेकर मौके पर लगी घटिया व पीला ईट को तत्काल हटवाने व घटिया सामग्री से निर्मित चारदीवारी की जांच कर कार्रवाई की बात कहने पर भड़के ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने तत्काल चारदीवारी को घटिया सामग्री से बनी होने की बात कहते हुए उखड़वाने की मांग की जिस पर कार्रवाई न होने पर दो दिन के उपरांत जिलाधिकारी बुलंदशहर से शिकायत कर जिला स्तरीय तकनीकी अधिकारी की अध्यक्षता में जांच टीम बनाकर घटिया सामग्री व पीला ईट से निर्मित चारदीवारी को हटवा कर कार्रवाई की मांग के साथ-साथ घटिया चारदीवारी में संबंधित कार्यदायी संस्था व निर्माण प्रभारी व संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की मांग की जिस पर जांच टीम व मौजूद पालिका निर्माण प्रभारी द्वारा तत्काल मौके से पीला इटो व घटिया सामग्री को हटवाने व चारदीवारी में लगी घटिया सामग्री व ईट को उखड़वानें का आश्वासन दिया है।

# छात्रों के आगे झुका कॉलेज प्रबंधन, अतिरिक्त फीस वापसी के बाद छात्रों के चेहरों पर दिखी मुस्कान



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर**/जहांगीराबाद में शिवकुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज में फीस को लेकर सोमवार को चल रहा छात्र विरोध प्रदर्शन अधिकारियों की मध्यस्थता और समझाइश के बाद शांत हो गया। हालांकि आगे की जांच अभी गठित टीम द्वारा की जा रही हैं। लंबी बातचीत के बाद कॉलेज प्रशासन ने छात्रों से सुविधा शुल्क के नाम पर वसूली गई फीस वापस करने पर सहमति जताई, जिसके बाद प्रदर्शन कर रहे छात्रों के चेहरों पर राहत और मुस्कान लौट आई। इंटरमीडिएट में सी सेक्शन के करीब 14 मौजूदा छात्रों को आज फीस वापसी कर दी गई। आगे सभी छात्रों की अवैध रकम वापस करने को लेकर अधिकारियों व छात्रों में कॉलेज प्रबंधन के सामने सहमति बनी। उधर, दोपहर में ही प्रधानाचार्य सी.पी अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया था। बता दें कि कॉलेज में कुछ दिनों से छात्रों से निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त अनावश्यक रूप से फीस वसूली जा रही थी, जिसको लेकर छात्र लामबंद हो गए थे। आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज परिसर में एकत्र होकर नारेबाजी की। मामले में छात्रों ने तूल देते हुए पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की और अफसरों को मौके पर बुला लिया।

# सारनाथ में अनाधिकृत टूरिस्ट गाइडों द्वारा पर्यटकों व स्थानीय व्यापारियों का शोषण और जबरन वसूली करने के विरोध में विश्व हिन्दू रक्षा परिषद द्वारा पुलिस आयुक्त वाराणसी कार्यालय में सौपा गया ज्ञापन

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद वाराणसी के पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पुलिस आयुक्त वाराणसी कार्यालय में सौपा गया ज्ञापने बताते चले की विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सारनाथ है, उक्त स्थल के सुन्दरीकरण में सरकार द्वारा काफी बड़ी मात्रा में व्यय किया गया है ताकि क्षेत्र में पर्यटन बढ़े व क्षेत्र की गरीब व बेरोजगार जनता को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके। विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश एडवोकेट डाक्टर प्रविश कुमार पाण्डेय ने ज्ञापन सौपने के उपरांत जिला मुख्यालय परिसर में मिडिया से वार्ता के दौरान कहा की विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल होने के नाते सारनाथ में सैकड़ों की संख्या में बनारसी साड़ी तथा अन्य नाना प्रकार के प्रतिष्ठान हैं व दिनभर में भारी मात्रा में देश विदेश के पर्यटक आते भी हैं परन्तु चन्द स्थानीय दबंग लोगों ने इसे अपना क्षेत्राधिकार बनाकर रख लिया है, सम्पूर्ण सारनाथ का सरकार द्वारा सुन्दरीकरण करवाया गया। एडवोकेट डाक्टर प्रविश कुमार पाण्डेय ने आगे कहा की फूटपाथ पर लगभग 500 की संख्या में अनाधिकृत गाइड कुर्सी लगाकर बैठते हैं जिनको क्षेत्र के दबंग लोगों का संरक्षण प्राप्त है व इनका काम यही है की सारनाथ में आने वाले सैलानियों वाली हर बाहरी नंबर प्लेट की गाड़ी को जबरन रोकना, उनको सड़क किनारे खड़ी करवाना व पार्किंग के एवज में स्वयं 100 रुपये वसूलना तथा उनको बरगलाकर सारनाथ घुमाना व घुमाने के बाद अपने संरक्षणदाता के होटल/प्रतिष्ठान में लेकर जाना और मोटा कमीशन प्राप्त करना, इन लोगों के ऐसे कृत्य से सेवाएँ तथा उत्पाद कई गुना महंगा हो जाता हैं व इनका लेनदेन नगद रूप में होता है। इन लोगों द्वारा जहाँ भी कुर्सी लगाकर बैठा जाता है वो इनका अधिकृत क्षेत्र होता है वहां कोई लाइसेंस प्राप्त गाइड अथवा अन्य कोई व्यक्ति फटक भी नही सकता यदि कोई ग्राहक अपने से किसी प्रतिष्ठान में चला गया तो ये अमादा फौजदारी हो जाते हैं जहाँ व्यापारी लाखों खर्च करके पांच प्रतिशत मार्जिन कमा पाता है वहां ये अनाधिकृत लोग बिना किसी निवेश के चालीस प्रतिशत की वसूली करते हैं व्यापारियों से उधर दूसरी तरफ सरकार द्वारा अधिकृत पार्किंग स्थल खाली रहता है।



# डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल पर प्रकरणों के निस्तारण में प्रगति व गुणवत्ता से संबंधित समीक्षा बैठक हुई

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ, आयुक्त संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, तहसील दिवस संदर्भ सहित अन्य संदर्भों एवं लम्बित शिकायतों/प्रकरणों के निस्तारण से संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण आइ0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर अवश्य निस्तारित कर दें, जिससे कोई भी संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाए। संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए।

जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल से संबंधित शिकायती प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संदर्भों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि के फीडबैक पर विशेष ध्यान दिया जाए, उन्होंने कहा कि संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें जिससे संतुष्टि का फीडबैक बेहतर मिले। उन्होंने कहा कि जनसामान्य के शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, सभी अधिकारीगण आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि उनके विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी हरिकेश कुमार, उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ0 सुनील कुमार, अपर उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार, एसओसी चकबंदी, तहसीलदार खलीलाबाद आनंद ओझा, तहसीलदार धनघटा राम जी, नायब तहसीलदार मेहदावल, अधिशाषी अभियंता विद्युत राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार सहित राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## पशु क्रूरता अधिनियम का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में पुलिस ने चेकिंग के दौरान आधा दर्जन से अधिक पशुओं से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा था, जबकि पिकअप गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम चौकी क्षेत्र में एक माह पूर्व पुलिस संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच पुलिस को बड़ौत की ओर से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने पिकअप गाड़ी को रोककर तलाशी ली तो पिकअप गाड़ी में आधा दर्जन से अधिक पशुओं को क्रूरता पूर्वक भर गया था। चालक गाड़ी को छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गया था।

# नाविक द्वारा सेवार्थ भाव से किए गए कार्य की सराहना

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** मंगलवार को जनपद संतकबीरनगर में तैनात नाविक अनिल निषाद पुत्र विक्रम निषाद निवासी नेतवापुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर द्वारा अपने कर्तव्य से बढ़कर सेवार्थ भाव का परिचय देते हुए मानवता एवं सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। नाविक द्वारा विपरीत परिस्थितियों में भी तत्परता दिखाते हुए आमजन की सहायता कर महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

नाविक के इस सराहनीय कार्य से न केवल संबंधित व्यक्ति/परिवार को राहत मिली, बल्कि समाज में सेवा, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा का सकारात्मक संदेश भी गया।

अनिल निषाद उपरोक्त द्वारा थाना धनघटा क्षेत्र में स्थित सरयू नदी में बिड़हर घाट पर नाविक का कार्य किया जाता है। बिड़हर घाट पर समय-समय पर लगने वाले मेले एवं त्यौहारों में आप द्वारा पुलिस का सहयोग किया जाता है व कठिन एवं विपरित परिस्थितियों में आम जनमानस के जान माल की सुरक्षा की जाती है। आपका यह कार्य न केवल मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। महोदय द्वारा नाविक के इस साहसिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा गया कि इस प्रकार के कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं तथा आपदा की स्थिति में मानव जीवन की रक्षा के प्रति सजगता एवं कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी नाविक के साहस की सराहना की गई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## सार संक्षेप

### अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। उन्होंने परेड के उपरान्त पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक आदि का निरीक्षण किया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### डॉ सन्त बृजेश्वर को सन्तकबीरनगर प्रजा राज्य पार्टी का जिला महासचिव मनोनीत



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व डीएसपी जयराम गौतम के सहमती से जिला प्रभारी अफताब अंसारी ने बखिरा निवासी डॉ सन्त बृजेश्वर को सन्तकबीरनगर प्रजा राज्य पार्टी का जिला महासचिव मनोनीत किया है। उक्त मनोनयन पर राप्रपा अध्यक्ष तनवीर अहमद सनी, महिला प्रभारी प्रियंका निषाद, युवा अध्यक्ष प्रोफेसर नदीम खान, छात्र शक्ति संगठन अध्यक्ष व भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री पल्लवी गिरि, पुर्वांचल अध्यक्ष नवाज शेरवानी, श्रीराम कसेरा, प्रदेश प्रवक्ता अमीरुद्दीन अंसारी मो मुदस्सिर अंसारी गोरखपुर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश निराला, महराजगंज जिला प्रभारी तनवीर खान, युवा जिलाध्यक्ष अमजद खान. अमीन. प्रीति राव, शर्मिला गौतम, राजकुमार, शकील अहमद शहजादे, अफताब अंसारी, राजू निषाद, राम नयन निषाद नेहा अंसारी सानिया अंसारी बधाई दी एवं आशा व्यक्त की कि सन्त बृजेश्वर संतकबीरनगर जिले में पार्टी को मजबूत करेंगे उक्त जानकारी राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी.(राप्रपा) के सह प्रवक्ता श्रीराम कसेरा ने दी।

### कनेक्शन स्वीकृत, लाइन अब तक नहीं जुड़ी, सालो से जंग खा रहा लाखों का बिजली सामान

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गांव जसाला में निजी नलकूप के लिए स्वीकृत विद्युत कनेक्शन ढाई वर्ष बीतने के बाद भी संयोजित नहीं किया जा सका है। पीड़ित किसान ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर समस्या के निस्तारण की मांग की है ।किसान सुरेशपाल पुत्र मामराज ने बताया की उसने नो जून 2023 को नाम विद्युत कनेक्शन स्वीकृत हुआ था। पीड़ित किसान का आरोप है कि खए व रऊड स्तर से सभी तकनीकी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गईं, इसके बावजूद आज तक लाइन नहीं जोड़ी गई ।मौके पर ट्रांसफार्मर, तार, इंसुलेटर सहित लाखों रुपये का विद्युत सामान पिछले 2.5 वर्षों से खुले में पड़ा हुआ है, जो मौसम की मार झेलते हुए जंग खाकर बेकार होता जा रहा है। लाइन संयोजन न होने के कारण किसान का कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित हुआ है। किसान के अनुसार, अब तक उसे करीब 4.40 लाख की आर्थिक क्षति उठानी पड़ चुकी है ।समस्या के समाधान के लिए किसान ने कऋफर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन विभागीय स्तर से केवल आश्वासन ही दिए गए, कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई ।पीड़ित किसान ने अधिशासी अभियंता खंड-2, शामली पर जानबूझकर प्रकरण को लंबित रखने तथा मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर किसान ने प्रबंध निदेशक, पीवीवीएनएल मेरठ से उच्चस्तरीय जांच कराने और तत्काल विद्युत लाइन संयोजन कराने की मांग की है।

# निषादो का वोट लेकर भूल जाते हैं नेता: प्रियंका निषाद

वेलकम इंडिया



**सन्तकबीरनगर।** निषादो के आरक्षण पर क्यो मौन है समाजवादी पार्टी व निषाद पार्टी ? निषादो का वोट लेकर भूल जाते हैं इन दलो के नेता। निषाद व दलितों के उत्पीड़न पर दलित व निषाद समाज चुप नहीं रहेगा। उक्त बाते राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) कि राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य व महिला विंग प्रभारी प्रियंका निषाद ने कहा कि आज जो समाजवादी पार्टी की स्थिति है तो वह निषाद और अल्पसंख्यक समाज के वजह से है अगर अखिलेश यादव ने अपने लोगों को नहीं समझाया तो आगामी विधानसभा चुनाव में 27 सीट भी नहीं जीत पायेगे

राप्रपा महिला प्रभारी प्रियंका निषाद ने कहा कि अभी कुछ समय पहले मेंहदावल विधान क्षेत्र मे निषाद समाज पर अत्याचार किए गए थे लेकिन समाजवादी पार्टी के स्थानीय सांसद पप्पू निषाद चुप रहे ऐसा क्यू ?और प्रदेश में निषादो के साथ जो कुछ हुआ, वह जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न का एक घिनौना उदाहरण है जिस पर समाजवादी पार्टी और निषाद पार्टी के मुखिया चुप रहते है कई मामले मे तो निषाद पार्टी का भी नाम आता है लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार बचा लेती है जो कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

यह कोई पहली बार नहीं है जब इस तरह की घटना सामने आई है हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश में निषाद दलित समाज के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्रियंका निषाद ने निषाद समाज के उत्थान के लिए सरकार कार्य योजना बनाए यही सरकार से मांग है।

# जेएमएस एनुअल एथलेटिक्स मीट-2025 को लेकर तैयारियाँ पूरी, 20 दिसंबर को होगा भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद में 20 दिसंबर 2025 को जे एम एस वर्ल्ड स्कूल द्वारा जे एम एस एनुअल एथलेटिक्स मीटझ्र2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अंडरझ्र10 से अंडरझ्र18 तक के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे ।विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि एथलेटिक्स मीट को पाँच आयु वर्गों—अंडरझ्र10, अंडरझ्र12, अंडरझ्र14, अंडरझ्र16 एवं अंडरझ्र18—में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए आयु वर्ग अनुसार जन्मतिथि निर्धारित की गई है—अंडरझ्र10 (वर्ष 2016), अंडरझ्र12 (2014), अंडरझ्र14 (2012), अंडरझ्र16 (2010) तथा अंडरझ्र18 (2008) तक ।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निधि मलिक ने बताया कि प्रत्येक आयु वर्ग में विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पधाएँ आयोजित की जाएँगी। अंडरझ्र10 वर्ग में 60 मीटर, 100 मीटर, लॉन्ग जंप एवं किड्स जैवलिन; अंडरझ्र12 वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, लॉन्ग जंप एवं किड्स जैवलिन; अंडरझ्र14 वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, लॉन्ग जंप, शॉट पुट एवं डिस्कस थ्रो शामिल हैं। वहीं अंडरझ्र16 वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस एवं जैवलिन थ्रो तथा अंडरझ्र18 वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस एवं जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। विद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर दीपांशु गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे। साथ ही सर्वाधिक पदक प्राप्त करने वाली टीमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान की चैंपियनशिप ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें उच्च स्तरीय खेल मंच उपलब्ध कराना है।

## केमू बस और पिकअप में हुई टक्कर, बड़ा हादसा होने से टला

**कपकोट।** कपकोट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत झोपड़ा के जगडीला के पास मंगलवार की सुबह एक केमू बस और पिकअप में आमन-सामने भिड़ंत हो गई। शामा से कपकोट होते हुए हल्द्वानी जा रही केमू बस एक संकरे बेंड को काटते समय अचानक विपरीत दिशा से एक पिकप आ गई ।जिससे दोनों वाहनों के चालक वाहनों को नियंत्रित कर पाते तभी दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर होते ही बस में सवार यात्री घबरा गए ।वाहन भिड़ते ही बस में बैठे बच्चों में भी चीख-पुकार मच गई। बच्चे मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा देने बस से कपकोट जा रहे थे। चालक-परिचालक और बस में बैठे यात्रियों ने बच्चों को संभाला और दूसरे वाहन से कपकोट भेजा। इस हादसे में किसी को किसी कोई चोट नहीं पहुंची है। बस शामा से यात्री लेकर हल्द्वानी जा रही थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केमू बस शामा लीती से हल्द्वानी की तरफ आ रही थी। बस में 13 स्कूली बच्चों के अलावा 14 अन्य यात्री सवार थे।

# इनामी बदमाश की पुलिस के साथ मुठभेड़, एक घायल दूसरा फरार

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** चेकिंग के दौरान पुलिस की पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है।

पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस सहित एक मोटरसाइकिल बरामद की है ।सोमवार की देर शाम को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार खंद्रावली चौकी इंचार्ज विजेंद्र सिंह रावल के साथ फतेहपुर पुलिया के निकट संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को रोकने का इशारा किया तो बदमाशों ने बाइक की स्पीड बढ़ा दी। पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा किया तो एक बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ में फायरिंग की तो एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि बदमाश का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सुशील पुत्र रोहतास निवासी बधैव थाना आदर्श मंडी बताया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा खोखा व जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

## जिलाधिकारी ने वीर शहीदों को नमन कर शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

**बागेश्वर।** 1971 के भारतझ्रपाक युद्ध में राष्ट्र की रक्षा हेतु अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की स्मृति में मंगलवार को विजय दिवस गरिमामय समारोह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन तहसील परिसर स्थित शहीद स्मारक में किया गया। समारोह में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने शहीद सैनिक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पुलिस जवानों द्वारा सलामी दी गई तथा शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के दौरान शहीद सैनिकों के परिजनों पानूली देवी (पत्नी स्व. खड़क सिंह), नंदी देवी (पत्नी स्व. नारायण सिंह), पदमा देवी (पत्नी स्व. मोहन राम) एवं कलावती देवी (पत्नी स्व. भैरव दत्त) डीएम आकांक्षा कोंडे द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# दहेज हत्या के आरोप में पुलिस ने दो को भेजा जेल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में 25 वर्षीय विवाहिता की लगभग एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया धा। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति व सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी महिला आशा, पुत्री वेदपाल की शादी 26 फरवरी 2023 में थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी आकाश पुत्र राजेश के साथ हुई थी ।महिला का शव विगत 13 नवंबर को घर में फांसी पर लटका हुआ मिला था। ससुराल पक्ष नेमामले की सूचना पुलिस को दी थी। घटना की जानकारी मिलते हैं मौके पर थाना प्रभारी सतीश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतार और फॉरेंसिक टीम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मामले में मृतक महिला के पिता वेदपाल ने थाने पर तहरीर देकर पति ,आकाश, सांस कमलेश, नन्द मनीषा पर आंतरिक दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

# भनेड़ा में तेंदुए की दहशत ग्रामीणों में भय का माहौल

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में एक बार फिर तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का दावा है कि बीते करीब 15 दिनों से तेंदुआ गांव और आसपास के खेतों में घूम रहा है, लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश और भय दोनों का माहौल बना हुआ है।

मंगलवार को गांव भनेड़ा निवासी गजेंद्र सिंह और विजय सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके खेतों के आसपास तेंदुए की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। कई बार ग्रामीणों ने तेंदुए को प्रत्यक्ष रूप से देखने का भी दावा किया है। तेंदुए की मौजूदगी के चलते गांव के लोग खासे सहमे हुए हैं। शाम ढलते ही लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं और खेतों में जाना लगभग बंद कर दिया गया है ।ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार गांव में तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि हो चुकी है। इसके बावजूद वन विभाग की टीम समय रहते मौके पर नहीं पहुंच रही, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते 15 दिनों से वे लगातार वन विभाग को सूचना दे रहे हैं, लेकिन कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

# ग्राम प्रधान प्रत्याशी के समर्थन में ऐतिहासिक जनसमर्थन

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** देहात ग्राम प्रधान प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित भव्य कार्यक्रम गांव के लोकतांत्रिक इतिहास में एक यादगार पल बनकर उभरा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने यह संदेश साफ कर दिया कि प्रत्याशी गय्यूर हसन को गांव के हर वर्ग का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त हो रहा है। पूरे गांव का माहौल उत्सव जैसा नजर आया और हर ओर विकास, एकता और प्रगति की बातें गूंजती रहीं।

कस्बे के नई बस्ती में कार्यक्रम स्थल को फूल-मालाओं और बैनरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ग्रामवासियों ने प्रत्याशी गय्यूर हसन का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फूलों की वर्षा की और विकास के नारों से वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि ग्राम प्रधान प्रत्याशी का व्यक्तित्व सरल, स्पष्ट और जनसेवा को समर्पित है, जो उन्हें आमजन के बीच खास बनाता है।

उन्होंने हमेशा गांव की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और हर सुख-दुख में ग्रामीणों के साथ खड़े रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान चुनाव में सहयोग के लिए गुलजार हमीद ने 21 हजार रुपए व हुस्ने आलिम ने 31 हजार रुपए दिए। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन ने कहा कि उनका लक्ष्य गांव का सर्वांगीण और संतुलित विकास कराना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जीत के बाद सबसे पहले कच्ची सड़कों को पक्का कराया जाएगा, नालियों और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा पेयजल, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार से जुड़े प्रयासों और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया ।कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने प्रत्याशी के विचारों और विकास योजनाओं की जमकर सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल समर्थन नहीं, बल्कि गांव के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। सभी ने एकजुट होकर ग्राम प्रधान प्रत्याशी को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में गांव विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। कार्यक्रम का समापन उत्साह और जोश के साथ हुआ।

# टीईटी परीक्षा 2011 के पूर्व के शिक्षकों को अनिवार्य नहीं परीक्षा को रोकने के लिए किसी भी हद तक जाएगा महासंघ

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। मंगलवार को दो दिवसीय प्रवास पर आए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री प्रदीप तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर कमल कौशिक उत्तर प्रदेश का जिला व ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों ने एक होटल में स्वागत सम्मान किया । तथा उनके साथ शिक्षक समस्याओं पर वार्ता की।

बैठक के दौरान बारी-बारी से उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त कर संगठनात्मक गतिविधियों एवं कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।इसके उपरांत पदाधिकारियों द्वारा शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को उनके समक्ष रखा गया। तिवारी ने कहा कि मथुरा में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा दो प्रान्तों के 26 जिलों के शिक्षकों की हिंदुस्तान इंजीनियरिंग कॉलेज में 24 व 25 जनवरी 2026 को शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा बैठक में तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि टीईटी परीक्षा पर रोक लगाकर ही संगठन दम लेगा। इसके लिए पूरे भारतवर्ष के शिक्षक निश्चिंत रहें।उन्होंने बताया कि इस विषय पर हमारा संगठन मुख्यमंत्री, मानव संसाधन मंत्रालय एवं माननीय प्रधानमंत्री से लगातार वार्ता चल रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने संगठन को आश्वस्त किया है कि टीईटी के विरोध में न्यायालय में लंबित सभी मामलों को एक ही सुनवाई में निस्तारित कराया जाएगा तथा न्यायालय के आदेश द्वारा शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से पूर्णतः मुक्त कराया जाएगा। किसी भी शिक्षक को टीईटी देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह एक गंभीर विषय है इसको लेकर महासंघ शिक्षकों के साथ खड़ा है। डॉ कमल कौशिक ने स्पष्ट कियाकहा जब तक शिक्षकों की आवश्यक मांगे पूरी नहीं होंगी जब तक ऑनलाइन अटेंडेंस का पर कोई विचार नहीं किया जाएगा अटेंडेंस का विरोध जारी रहेगा । गोवर्धन दास गुप्ता जिला मीडिया प्रमुख ने कहा चयन वेतनमान सूची जारी की जाए। शिक्षकों की मानव संपदा पोर्टल पर ई एल,मेडिकल,अन्य अवकाश अंकित नहीं है ।उनको शीघ्र अंकित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक शिक्षकों की आवश्यक मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक ऑनलाइन अटेंडेंस पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। बैठक में सोनल शर्मा , अंजना शर्मा,इंद्रपाल सिंह, गोविंद सिंह चौहान, बच्चू सिंह,हरिओम गुप्ता, वीरेंद्र शर्मा, गोपाल सारस्वत ,पवन गौतम, प्राची अग्रवाल, राजेश वर्मा ,मनमोहन गौतम, राखी अग्रवाल, सुरेंद्र सारस्वत, चक्रपाणि डागर, अशोक सोलंकी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

**बुलंदशहर**। बुलंदशहर पुलिस द्वारा की गई सशक्त और प्रभावी पैरवी के चलते वर्ष 2020 में हुई हत्या के मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।इसके साथ ही दोनों दोषियों पर 51-51 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। थाना जहांगीरपुर क्षेत्र के गांव मुन्ना जाटान में वर्ष 2020 में सोनू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गांव के ही योगेश और जगदीश को आरोपी बनाया गया था। घटना के संबंध में थाना जहांगीरपुर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले में बुलंदशहर पुलिस की ओर से लगातार निगरानी करते हुए न्यायालय में सशक्त और प्रभावी पैरवी कराई गई। सुनवाई के दौरान कुल नौ गवाहों की गवाही कराई गई, जिसके आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खुर्जा ने 16 दिसंबर 2025 को निर्णय सुनाते हुए योगेश और जगदीश को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 51-51 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# अब बरेली में अराजकता फैलाने वालों के लिए न कोई रहम, न कोई रास्ता : मानुष पारीक

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। शहर की सड़कों पर 26 सितंबर को मचाई गई अराजकता का पुलिस ने ऐसा हिसाब-किताब खोल दिया है कि दंगाइयों की रूह कांप उठी है। दंगे, पथराव और पुलिस पर जानलेवा हमलों के इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने निर्णायक प्रहार करते हुए साफ कर दिया है कि अब कोई बचने वाला नहीं है। आरोपी अब सालों-साल सलाखों की पीछे रहेंगे, पुलिस ने इसकी पूरी प्लानिंग कर दी है। हिंसा के इस खेल के कथित मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर रजा की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

पुलिस ने सात संगीन मुकदमों में चार्जशीट दाखिल कर मौलाना तौकीर रजा समेत 90 आरोपियों को नामजद कर दिया है। सभी आरोप पत्र संबंधित न्यायालय में पेश कर दिए गए हैं। जिसका साफ संकेत है कि आने वाले दिनों में आरोपियों के लिए कानून की पकड़ और कसने वाली है।एसपी सिटी मानुष पारीक के अनुसार, 26 सितंबर को इस्लामिया ग्राउंड में भीड़ जुटाने का आह्वान किया गया था। इसके बाद कोतवाली थाना क्षेत्र के जिला पंचायत रोड पर हालात अचानक बेकाबू हो गए।

जिला पंचायत गेट के सामने प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया और उपद्रवियों ने पुलिस बल पर अंधाधुंध पथराव शुरू कर दिया। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस को लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा। लेकिन दंगाइयों की बर्बरता यहीं नहीं रुकी। पुलिसकर्मियों से हथियार, वायरलेस सेट और एंटी-राइट गन तक छीन ली गई। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और कानून-व्यवस्था को खुली चुनौती दी गई। इस मामले में पुलिस ने दंगा, सरकारी कार्य में बाधा, सरकारी संपत्ति को नुकसान और पुलिस पर जानलेवा हमला जैसी कठोर धाराओं में कुल 12 मुकदमे दर्ज किए। अब तक की कार्रवाई में पुलिस 100 से अधिक आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है, जबकि 18 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। गहन विवेचना के बाद सात मामलों में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। शेष पांच मुकदमों की जांच तेज रफ्तार से चल रही है और जल्द ही और नामों पर शिकंजा कसने की तैयारी है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने दो टूक कहा है कि 26 सितंबर की हिंसा से जुड़े सभी मामलों में ठोस और पुख्ता साक्ष्य जुटाए गए हैं। चार्जशीट में मौलाना तौकीर रजा और उनके करीबी सहयोगियों की भूमिका से जुड़े प्रमाण शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का साफ संदेश है, कानून से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बरेली पुलिस का एलान साफ है अब दंगा करने वाले सिर्फ पकड़े नहीं जाएंगे।

## सार संक्षेप

### लखीमपुर सदर में शांतिपूर्ण पदयात्रा, श्रद्धालुओं ने सौंपा ज्ञापन



मोहम्मद असलम, लखीमपुर खीरी


**लखीमपुर खीरी**। नई दिल्ली स्थित मंदिरझ्रदरगाह बाबा पीर रतननाथ जी झंडेवाला एवं एमसीडी द्वारा की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को लखीमपुर सदर के श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं ने अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान भजन-कीर्तन के साथ सादगीपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया गया। पदयात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी दुर्गा नागपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पे चंद्र भूषण साहनी, कुलदीप पाहवा, रवि भूषण साहनी, जितेंद्र साहनी, राकेश भसीन, दिनेश आनंद, संजीव चोपड़ा, अमित तलवार, अमनोल अरोड़ा, सन्नी सलूजा, रितेश भसीन, बादल साहनी, अंजू साहनी, सीमा साहनी, मधु राबड़ा, प्रतिमा भसीन, शिवानी भसीन, मधु आनंद, सीमा आनंद, प्रियंका साहनी सहित बड़ी संख्या में सेवक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बेहतरीन काम के लिए सुपरवाइजर ने किए बीएलओ सम्मानित



**मथुरा/बलदेव**। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एस०आई०आर०) कार्य में भाग संख्या 217 से 226 तक महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बीएलओ का उनके सुपरवाइजर योगेश चौधरी द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन कर सभी बीएलओ को सम्मानित किया गया ।प्राथमिक विद्यालय नगला मेदू के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार उपस्थित रहे। बीएलओ कर्मवीर सिंह,विश्वेंद्र सिंह,चेतन शर्मा, श्याम सुंदर,संध्या,बेबी,हरीगोपाल अग्रवाल,पंकज,विक्रम सिंह, जाबिर खान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर योगेश चौधरी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी उमेश चौधरी,करतार सिंह,चंद्रभान सिंह,चंद्रकांत शर्मा,देवेंद्र सिंह,सुजीत वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### विशाल नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर 15 दिसंबर से 25 दिसंबर तक



**मथुरा**। श्याम स्टील मैन्युफैक्करिग लि0, कोलकाता के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा नेत्र रोगियों की सेवार्थ निःशुल्क नेत्र जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन दिसम्बर से 15 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक श्रीजी बाबा आश्रम, भूतेश्वर रोड, मथुरा में आयोजित किया जा रहा है। ऑपरेशन हेतु भर्ती 24 दिसम्बर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से की जा रही हैं। निःशुल्क नेत्र जाँच चिकित्सा शिविर के प्रथम व द्वितीय दिन दूर-दराज अंचलों से आये 565 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराकर नेत्र परीक्षण कराया जिसमें से मोतियाबिन्द ऑपरेषन 347 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु भर्ती किया गया है भर्ती किये गये नेत्र रोगियों के नेत्र ऑपरेषन कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर जा रहे हैं। शिविर में ऑपरेशन के योग्य पाये गये नेत्र रोगियों को पलंग, बिस्तर, दवा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रूप से की गई हैं।

## हाउस टैक्स नहीं भरा तो कार्रवाई तय

# निगम की सख्ती से शहर में खौफ 50 .42 करोड़ वसूले , बकायेदार बेचैन

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली**। नगर निगम ने गृहकर बकायेदारों पर ऐसा शिकंजा कसा है कि शहरभर में हड़कंप मच गया है। टैक्स वसूली को लेकर अपनाई गई सख्ती का नतीजा साफ दिख रहा है। अलग-अलग जोनों से अब तक 50.42 करोड़ रुपये सीधे निगम के खाते में पहुंच चुके हैं। जो लोग वर्षों से टैक्स टालते आ रहे थे, वे अब कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं, जबकि नियमित करदाताओं की संख्या ने अब तक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि इस अभियान का सबसे बड़ा असर यह है कि 25 हजार ऐसे गृहकरदाता सामने आए हैं, जिन्होंने जीवन में पहली बार टैक्स जमा किया है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 57,673 लोग गृहकर चुका चुके हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 हजार अधिक हैं। शासन के स्पष्ट निर्देश पर नगर निगम बरेली ने इस बार शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य तय किया है। इसी के तहत शहर के 2.20 लाख से अधिक मकानों को बकाया नोटिस थमा दिए गए। नोटिस मिलते ही टैक्स न भरने वालों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में करदाता निगम कार्यालयों के साथ-साथ ऑनलाइन पोर्टल पर पहुंच गए।

नतीजतन, हजारों बकायेदारों ने एकमुश्त भुगतान कर दिया। अधिकारियों का साफ कहना है कि एसआईआर कार्य के चलते फिलहाल स्टाफ पर अतिरिक्त दबाव है, लेकिन इसके पूरा होते ही सीलिंग और कुर्की अभियान पूरी ताकत से शुरू होगा। निगम ने दो टूक चेतावनी दी है कि आगे किसी भी बकायेदार को बख्शा नहीं जाएगा। मौजूदा रफ्तार बनी रही तो इस वित्त वर्ष में सवा लाख से ज्यादा गृहकरदाता टैक्स जमा करेंगे। वसूली के मामले में डिजिटल भुगतान सबसे आगे रहा है। ऑनलाइन और पीओएस सिस्टम के जरिए बड़ी रकम निगम तक पहुंची है, जबकि ऑफलाइन भुगतान भी लगातार जारी है। निगम ने करदाताओं को राहत देते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि दिसंबर माह तक गृहकर जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। समय पर टैक्स अदा करने वालों को अब तक 2.53 करोड़ रुपये की छूट दी जा चुकी है। निगम का साफ संदेश है कि ईमानदारी का फायदा मिलेगा, लेकिन टालमटोल की कीमत चुकानी पड़ेगी। कुल मिलाकर नगर निगम का सख्त रुख असर दिखा रहा है। अब गृहकर से बचने का कोई रास्ता नहीं, भुगतान ही एकमात्र विकल्प है।

# किसान पाठशाला में दी गयी विभागीय योजनाओं की जानकारी



संदीप तिवारी वेलकम इंडिया

वाराणसी मिजार्मुराद। प्रदेश व केंद्र सरकार के सहयोग से कृषि विभाग द्वारा अनेक योजनाओं का संचालन कर विभिन्न प्रकार का सहयोग अनुदान के रूप में किसानों को दिया जा रहा है। पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए किसान पारदर्शी पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को अनुदान की धनराशि किसान के बैंक खाते में सीधे स्थानांतरित की जा रही है ।उक्त जानकारी मंगलवार को राजवारी गांव में आयोजित किसान पाठशाला के दूसरे दिन मास्टर ट्रेनर देवमणि त्रिपाठी ने किसानों को दी ।उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन,सब मिशन आन एग्रीकल्चर मेकेनाइजेशन ,परम्परागत कृषि विकास योजना के साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देते हुए किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने को कहा।

उप कृषि निदेशक अमित कुमार जायसवाल के निर्देशन में आयोजित किसान पाठशाला में किसानों को पीएम प्रणाम योजनान्तर्गत आई.एन. एम. का महत्व एवं रणनीति एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग पर चर्चा की गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान साधो यादव ने किसानों से कृषि विभाग की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने की अपील की।

इस दौरान अखिलेश यादव,रामचरन, सुभाषचंद्र,ललित मोहन पाण्डेय,विमलेश आदि किसान उपस्थित रहे।

# सफाई में लापरवाही बरतने पर सफाई नायक सस्पेंड , निर्माण कार्यों में खामियों पर नगर आयुक्त ने अफसरों की लगाई फटकार

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली**। मंगलवार सुबह नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य अचानक शहर के कई वार्डों में निरीक्षण के लिए पहुंच गए। सफाई व्यवस्था की बदहाली और निमार्णाधीन कार्यों में भारी लापरवाही सामने आते ही नगर आयुक्त ने सख्त रुख अपनाया। मुंशीनगर वार्ड-10 में गंदगी और अव्यवस्था पर नगर आयुक्त ने सफाई नायक संतोष कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई से नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई। नगर आयुक्त ने सबसे पहले मुंशीनगर वार्ड-10 का निरीक्षण किया। यहां नालियां चोक मिलीं, सड़कों पर कूड़े के ढेर नजर आए और नियमित सफाई का अभाव साफ झलका। मौके पर मौजूद कर्मचारियों से जब जवाब मांगा गया तो संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। नगर आयुक्त ने दो टूक कहा कि सफाई में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिम्मेदारी तय होगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद नगर आयुक्त ने परसाखेड़ा, कर्मचारी नगर, कुर्मांचल नगर और सीएम ग्रिड साइट पर चल रहे निर्माण कार्यों का भी गहन निरीक्षण किया। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत बन रही सड़कों और नालियों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को जमकर फटकार लगाई। निमार्णाधीन नालियों में निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अनुसार रिइनफोर्समेंट नहीं मिलने पर नगर आयुक्त ने तुरंत सुधार के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट आदेश दिए कि नालियों का अलाइनमेंट पूरी तरह सही हो, कहीं भी पानी रुकने की स्थिति न बने। लेवलिंग ठीक तरीके से निकालकर ही कार्य कराया जाए, अन्यथा भुगतान रोका जाएगा और संबंधित ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि अगर भविष्य में किसी भी वार्ड में सफाई या निर्माण कार्यों में गड़बड़ी मिली तो जिम्मेदार अफसर और कर्मचारी सीधे कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

# चेता सिंह बने लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के मथुरा जिलाध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**मथुरा**। लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा ने चेता सिंह उर्फ चेतन राघव को प्रमाण पत्र देकर मथुरा का जिलाध्यक्ष घोषित किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि हापुड़ की प्रदेश समीक्षा बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा ने सर्व सहमति से चेता सिंह को मथुरा का जिलाध्यक्ष एवं दिनेश कुमार निमेष को मथुरा का महानगर अध्यक्ष घोषित कर प्रमाण पत्र दिया है। चेता सिंह ने कहा कि वह लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास की विचारधारा एवं उपलब्धि को जन जन तक पहुंचाएंगे। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देशन में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में पार्टी मजबूती के साथ अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेगी। पार्टी में युवा और महिलाओं को खास तवज्जो दी जा रही है। पार्टी दलित,पिछड़ा शोषित वंचित, सवर्ण सभी जाति धर्मों के हितों की पार्टी है।

# कड़ाके की ठंड में समाजसेवी ने गरीबों में कंबल किया वितरित

संदीप तिवारी वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद**। सेवापुरी विकासखंड हाथी बाजार स्थित जीवदानी मैरिज लॉन में मंगलवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीबो असहायों एवं जरूरतमंद परिवारों में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। बता दे कि प्रतिवर्ष पूर्व ग्राम प्रधान स्व. शिव कुमारी देवी के स्मृति में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसके क्रम में मंगलवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी मनीष ठाकुर ने किया। इस दौरान दर्जनों जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर राहत और खुशी साफ दिखाई दी।

इस मौके पर समाजसेवी मनीष ठाकुर ने कहा कि ठंड के इस मौसम में कंबल गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होंगे और भविष्य में भी ऐसे ही कंबल वितरण का कार्य कार्य जारी रहेंगे ।कंबल प्राप्त करने वाले गरीबों ,असहायों ने समाजसेवी मनीष ठाकुर का आभार व्यक्त किया। वही गरीबों कंबल पाकर कहा की ठंड के इस मौसम में यह सहायता उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कार्यक्रम के दौरान गांव के सम्मानित नागरिक त्रिभुवन सिंह, भूतपूर्व प्रधान पप्पू सिंह, अरविंद शर्मा उर्फ निराला, सुरेश सिंह, कपिल देव सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष हाथी बाजार शुभम ठाकुर सुक्कू प्रजापति, काशी पटेल सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# रामचरितमानस की नवधा भक्ति से सामाजिक समरसता का संदेश : पं. पन्नालाल गुप्त मानस को स्मृत्यंजलि

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज**। मानस मयूख एवं श्रीमद्भट्टपीठ्म ट्रस्ट, प्रयागराज के तत्वावधान में शुक्रवार को लीडर रोड स्थित एक होटल में ब्रह्मलीन पं. पन्नालाल गुप्त ह्यमानसह्ण की स्मृत्यंजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संगोष्ठी का विषय रामचरितमानस में नवधा भक्ति रहा, जिसमें विद्वानों ने मानस की आध्यात्मिक एवं सामाजिक प्रासंगिकता पर विस्तार से विचार रखे।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी ने कहा कि रामचरितमानस में वर्णित नवधा भक्ति केवल आध्यात्मिक साधना नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्य वक्ता प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने तुलसीकृत नवधा भक्ति के नौ स्वरूपों को जीवन में आत्मसात करने पर बल देते हुए कहा कि यही मार्ग व्यक्ति और समाज–दोनों के कल्याण का आधार है।

न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने कहा कि पं. पन्नालाल गुप्त ह्यमानसह्ण ने अपने साधना-पथ और प्रवचनों के माध्यम से मानस की गूढ़ शिक्षाओं को जन-जन तक पहुँचाया, जो आज भी प्रेरणास्त्रोत है। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. यासमीन सुल्ताना नकवी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

समारोह में अनिल कुमार, प्रबोध मानस, सत्येंद्र केसरवानी, वंशीधर मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, पूनम गुप्ता, श्वेतांगनी सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं मानस प्रेमी उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी समस्याएं गरुड़ तहसील सभागार में आयोजित हुआ

वेलकम इंडिया




**गरुड़,दिनेश नेगी।** गरुड़ तहसील सभागार में तहसील दिवस आयोजित हुआ। तहसील दिवस में क्षेत्र के लोगों द्वारा अपनी शिकायतें दर्ज कराई गई ।जिसमें जनता द्वारा दस शिकायतें व राजस्व उपनिरीक्षकों द्वारा छः शिकायतें रखी ।जिनमें प्रमुख शिकायतें सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन विभाग, सिंचाई, लघु डाल, बिजली की थी। तहसील दिवस में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एड. गिरीश कोरंगा ने कहा कि पूर्व में 101 बिंदुओं पर ज्ञापन दिया था लेकिन आज तक उन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ।

क्षेत्रीय समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए, जनता को बार बार एक ही समस्या के लिए दोबारा शिकायत लाने का मौका नही मिले इसके लिए जिला प्रशासन से क्षेत्रीय जनहित की समस्याओं का त्वरित समाधान किए जाने की मांग की गई।

क्षेत्र पंचायत सदस्य मैगडी गोविन्द डसीला ने जंगली जानवरों की समस्या से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान से बचाव के उपाय किए जाने, वन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र प्रभावित क्षेत्रों में जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान से निजात दिलाने,प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष गरुड़ त्रिलोक बुटोला ने बुगा क्षेत्र में सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद भी अब तक लोगों को सड़क कटान से हुए नुकसान का मुआवजा नही, मिलने की बात कहते हुए जल्द मुआवजा देने की मांग के साथ ही किन्नर समाज द्वारा लोगों से अधिक पैसे मांगने की बात कही।

वही तहसील दिवस से प्राप्त शिकायतों की सम्बन्धित विभागों से समस्या के समाधान हेतु समीक्षा बैठक के बाद एसडीएम वैभव काण्डपाल ने जन केन्द्रित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर प्रमुखता से समाधान करने की बात कही ।साथ ही सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ समय से आमजन को मिले इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की ।साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों को तहसील दिवस में दर्ज शिकायतो का निस्तारण एक हफ्ते के अंदर करने के निर्देश दिए।

तहसील दिवस में तहसीलदार निशा रानी, नायब तहसीलदार भूपाल गिरी,प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी बीबी जोशी,उप खण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु सिंह जेई विद्युत राजेंद्र बोरा, थानाध्यक्ष बैजनाथ कैलाश बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य मैगडी गोविन्द डसीला, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस गिरीश कोरंगा, रंजीत रावत, ग्राम प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष त्रिलोक बुटोला आदि मौजूद रहे।

# दुल्लहपुर मऊ तथा मऊ-खुरहट संरक्षा निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण परियोजनाओ के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का क्रम निरन्तर जारी है इसी क्रम में वाराणसी मंडल के भटनी औंड़िहार रेलखण्ड पर दुल्लहपुर-मऊ (21 किमी) एवं मऊ-शाहगंज रेलखण्ड पर मऊ-खुरहट (12 किमी) खण्ड का दोहरीकरण एवं विधुतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्व सर्किल प्रणजीव सक्सेना 17 एवं 18 दिसम्बर 2025 को इस खण्ड का संरक्षा निरीक्षण करेंगे इस निरीक्षण के समय मंडल रेल प्रबंधक (वाराणसी) आशीष जैन सहित मुख्यालय गोरखपुर से प्रमुख अधिकारी सहित वाराणसी मंडल तथा रेल विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेगे । उक्त संरक्षा निरीक्षण के पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्व सर्किल प्रणजीव सक्सेना द्वारा स्पेशल ट्रेन से दुल्हपुर-मऊ तथा मऊ-खुरहट रेल खण्ड का अधिकतम गति से स्पीड ट्रायल भी किया जाना है ।

# बुंदेलखंड के उद्योगपति और समाजसेवी को भारतीय कलचुरी जायसवाल महासभा ने दी राष्ट्रीय जिम्मेदारी



वेलकम इंडिया

**झांसी।** बुंदेलखंड के प्रतिष्ठित उद्योगपति और समाजसेवी वीरेंद्र राय को भारतीय कलचुरी जायसवाल महासभा का केंद्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर झांसी जनपद में जोरदार स्वागत किया गया। रविवार को स्टेशन से उनका भव्य स्वागत किया गया, जिसमें समाज के प्रमुख पदाधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और आमजन उपस्थित रहे।

महाराष्ट्र के शिरडी स्थित साई आश्रम भक्त निवास में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से आए समाज के प्रतिनिधियों ने मतदान के माध्यम से वीरेंद्र राय को महासभा का केंद्रीय अध्यक्ष चुना। मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश शिवहरे ने उन्हें केंद्रीय अध्यक्ष का प्रमाण-पत्र सौंपा।

निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद समाज के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने वीरेंद्र राय का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला। समाज के लोगों ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए इसे समाज के लिए सकारात्मक कदम बताया।

केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद वीरेंद्र राय ने कहा कि वे समाज के हित में निरंतर प्रयास करेंगे और सभी वर्गों को साथ लेकर समाज को संगठित करेंगे। उन्होंने समाज की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुँचाने और उनके समाधान के लिए संघर्ष करने का संकल्प व्यक्त किया।

झांसी महानगर के प्रमुख उद्योगपति और वसेरा ग्रुप के संचालक वीरेंद्र राय अपने सरल व्यक्तित्व, मधुर व्यवहार और सभी को साथ लेकर चलने की कार्यशैली के लिए समाज में विशेष पहचान रखते हैं। उनका निर्विरोध निर्वाचन बुंदेलखंड के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है।

इस अवसर पर सहस्त्रबाहु सेवा समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाज के गणमान्य लोगों ने वीरेंद्र राय को बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# वाराणसी फर्नीचर एवं फर्निशिंग व्यापार मंडल के चुनाव की हुई घोषणा

**वाराणसी।** वाराणसी फर्नीचर एवं फर्निशिंग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने अपनी वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर दिया है तथा नए सिरे से चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है इस संबंध में संरक्षक एवं चुनाव अधिकारी की नियुक्ति भी कर दी गई है कार्यकारिणी भंग के साथ सभी पदाधिकारी कार्यकारी हो जाएंगे और चुनाव में पूरा सहयोग करेंगे।

नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 17 दिसंबर से 20 दिसंबर 2025 तक है नामांकन पत्र वापसी की अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2025 है और मतदान की तिथि 4 जनवरी 2026 रविवार सुबह 10:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक,मतगणना एवं परिणाम घोषणा 4 जनवरी 2026 को शाम 5:00 बजे के बाद किया जायेगा।

# झांसी जिला कारागार में इस्कॉन मंदिर द्वारा गीता वितरण एवं हरि कीर्तन का आयोजन किया गया




वेलकम इंडिया

**झांसी।** एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 को इस्कॉन मंदिर झांसी द्वारा जिला कारागार झांसी में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कैदियों के बीच हरि कीर्तन, प्रवचन तथा श्रीमद्भगवद गीता का वितरण किया गया।

इस अवसर पर इस्कॉन झांसी से मंदिर अध्यक्ष श्रीमान ब्रजभूमि दास, मंदिर उपाध्यक्ष श्रीमान प्रिय गोविंद दास साथ ही अपर जिला जज शरद कुमार चौधरी जी ,वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्री विनोद कुमार सोनी जी, चिकित्सा अधिकारी श्री राम स्वरूप श्रीवास्तव जी, जेलर श्री अंजनी कुमार गुप्ता जी, उप कारापाल श्री विप्लव श्रीवास्तव,श्री सुरेंद्र कुमार एवं अन्य जेल कर्मियों एवं श्रीमान दामोदर बंधु दास सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों कैदियों ने सहभागिता की।

प्रवचन के दौरान श्रीमान ब्रजभूमि दास महाराज ने श्रीमद्भगवद गीता के संदेशों पर प्रकाश डालते हुए कैदियों को क्रोध, मोह और गलत प्रवृत्तियों से दूर रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि गीता का उद्देश्य आत्मसंयम, धैर्य और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

कार्यक्रम के समापन पर कैदियों के बीच श्रीमद्भगवद गीता का वितरण किया गया। आयोजन को लेकर कारागार प्रशासन एवं कैदियों द्वारा सराहना की गई।

# सभी सरकारी चिकित्सा संस्थाओं में मनाया गया निःक्षय दिवस

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के समस्त भारत में प्रत्येक माह की 15 तारीख को निःक्षय दिवस सभी चिकित्सा संस्थानों में मनाया जाता है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आज निःक्षय दिवस जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवम् आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर मनाया गया निः क्षय दिवस के अवसर पर मेरिनो कंपनी द्वारा प्रायोजित श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट तथा जिला क्षय रोग विभाग के संयुक्त उपक्रम के अंतर्गत गांव नया गांव इनायतपुर गढ़ मुक्तेश्वर जिला हापुड़ में क्षय रोगियों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर के दौरान कुल 160.मरीजों को चिकित्सा परीक्षण का लाभ मिला इन मरीजों में से 8 मरीजों की बलगम की जांच कराई गई और 5 मरीजों को एक्सरे के लिए जिला सयुक्त चिकित्सालय हापुड़ रैफर किया गया 48 मरीजों की ब्लड शुगर की जांच की गई , श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा अब तक निःक्षय दिवस के अवसर पर 32.चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया है।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग से जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह द्वारा उपस्थित मरीजों को निःश्चय दिवस के बारे में जानकारी दी गई और बताया कि टी0बी 0मरीजों को टी0 बी 0की दवाओं का कोर्स पूरा करना अति आवश्यक है और इसे बीच में नहीं छोड़नी चाहिए इस अवसर पर जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि सन 2025 तक भारत को टी 0बी0 मुक्त कराने में मेरिनो कंपनी का यह प्रयास सराहनीय है इस कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी एस अग्रवाल तथा डॉ डी के अग्रवाल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा अनिल कुमार विनोद कुमार यासीन अली लेब तकनीशियन,मोहम्मद सोहेल फार्मासिस्ट ने कैंप में सहयोग किया।भारत सरकार के द्वारा चलाए गए अभियान के तहत हर महीने की 15 तारीख को निःक्षय दिवस के रूप में मनाया जा रहा है भारत सरकार इस प्रयास को और मजबूती के लिए कंपनी द्वारा आयोजित श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा जनमानस को टी बी रोग के बारे में लोगों को जागरूक बनाया जा रहा है।

# खड़ी ट्रक में भिड़ा बाइक सवार, दो घायल

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के चित्रसेनपुर सब्जी मंडी के पास मंगलवार की दोपहर में हाईवे के किनारे खड़ी के पिछले हिस्से में मिजार्मुराद के तरफ आ रहा बाइक सवार जा भिड़ा ।जिससे बाइक चला रहा युवक कपसेठी थाना क्षेत्र के अमवा निवासी हिमांशु पाठक व एक अन्य युवती घायल हो गई ।ग्रामीणों की मदद से दोनों घायल को समीप के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया ।जहां सिर में गम्भीर चोट होने के कारण युवक को वाराणसी रेफर कर दिया गया ।वही ग्रामीणों द्वारा क्षतिग्रस्त बाइक को हाईवे से हटाकर साइड किया गया ।घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत प्रयागराज के तरफ भाग निकला।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपलेड़ा का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के पिपलेड़ा में हिमांशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ के द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपलेडा का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्राओं की शिक्षा गुणवत्ता परखी इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने अध्यापकों को निर्देश दिए की कुछ छात्रों की शिक्षा पद्धति पर विशेष ध्यान दिया जाए। उच्च प्राथमिक विद्यालय में साफ सफाई की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय सभी अध्यापक गण उपस्थित मिले। सीडीओ ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। कक्षा एवं विद्यालय परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था सही पाई गई।

# आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोपी को 05 वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा

बुलंदशहर अभियुक्त कमरुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन निवासी ग्राम शेरपुर थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2020 में वादी फतेह सिंह निवासी ग्राम शेरपुर थाना अनूपशहर, बुलंदशहर की पुत्री को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया गया जिससे वादी की पुत्री द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना कारित की थी जिसके संबंध में दिनांक 16.11.2020 को थाना अनूपशहर पर मुअसं- 594/2020 धारा 306 भादवि पंजीकृत किया गया था दिनांक 16.01.2021 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था।

# श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्या धाम के तत्वावधान में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा में अयोध्याधाम,श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ कवि अशोक गोयल ₹चक्रवर्तीं₹ की अध्यक्षता में एवं राष्ट्रीय प्रभारी कवयित्री बीना गोयल के साहित्यिक सानिध्य में दिनांक 14 दिसंबर 2025 दिन रविवार को भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया ॥ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट प्रतिभा सिँह जी, लखनऊ मौजूद रहीं एवं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वयं राष्ट्रीय प्रभारी कवयित्री श्रीमती बीना गोयल जी उपस्थित रहीं ॥ कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय संरक्षक अनुज पाठक जी एवं मधुसूदन शर्मा ₹मिजाज₹ ने किया ॥ कवि सम्मेलन में एक से बढ़ कर एक रचनाएँ पढ़ी गयी एवं कार्यक्रम काफी रंगारंग रहा। देश भर से कुल 38 कवियों एवं कवयित्रीयों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जिसमें नीतू नागर ₹अंबर₹, प्रशांत सोउ, अंजना कुमारी केशरी, राजेश तिवारी ₹रंजन₹, विनीता सिँह, डॉ निखत परवीन, श्रीमती अंजना दिलीप दास, सुषमा भंडारी, मंजू दलाल 'मंजरी', मनोज मंजुल ₹ओज कवि₹, वीरेंद्र पाठक, रिंकी अग्रवाल, कुमारी किरण, रामकिशोर पाठक, जनकवि सुखराम शर्मा, डॉ प्रो मनीषा नाडगौडा, आभा गुप्ता, राजेश कुमार शर्मा, सुखनंदन प्रजापति, वैशाली रस्तोगी, चंद्रकला शर्मा, शशिकला पांडे, कवि जय गुप्त, आत्म प्रकाश कुमार, श्वेता कुमारी चौबे, चंद्र प्रकाश पाठक, डॉ राम अवतार शर्मा 'राम',सुजीत कुमार, सतीश गौतम, डॉ सुप्रीति चावला, रीता गूगलानी, सविता मेहरोत्रा ₹सुगंधा₹, कल्पना सचदेव, सुनीता मिश्रा, अरविन्द कुमार ₹अनोखे₹, डॉ कुमकुम शुक्ला, डॉ प्रतिभा सिँह इत्यादि ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत की ॥ राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार महतो भी उपस्थित रहे।

# समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में वर्षों में किए गए कार्यों की रिपोर्ट अखिलेश यादव को सौंपी

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता और जनता के बीच में लोकप्रिय आशुतोष शर्मा ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान सांसद अखिलेश यादव जी से मुलाकात की और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में पिछले कई वर्षों में किए गए कार्यों की रिपोर्ट सौंपी। आशुतोष शर्मा ने बताया गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में प्रत्येक वर्ष समाजवादी युवा सम्मेलन समाजवादी महिला सम्मेलन समाजवादी किसान सम्मेलन समाजवादी दौड़ प्रतियोगिता समाजवादी संसद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से कई वर्षों में लगातार जनता के बीच जाकर कार्य किये गए है

आज अखिलेश यादव जी से मिलकर सभी कार्यों के बारे में बताया और 2026 के आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को सूचना दी गई है।

समाजवादी पार्टी लगातार शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा से वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा कई वर्षों में अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 50000 से अधिक लोगों को लाभान्वित कर चुके हैं और आने वाले समय में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा की जनता के लिए लगातार कार्य किया जाएगा ।आशुतोष शर्मा ने अखिलेश यादव जी को हापुड़ में आने का भी आमंत्रण दिया है बहुत जल्द समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी का दौरा हापुड़ में हो सकता है इसके लिए भी विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया है।

आशुतोष शर्मा ने बताया अखिलेश यादव जी ने समाजवादी पार्टी को गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में मजबूत करने के लिए निर्देश दिया है और प्रत्येक बूथ पर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए निर्देशित किया गया है उनके आदेश का पालन किया जाएगा और गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# द डिजिटल पेडागॉजी एजुकेटर्स फॉर टुमॉरो विषय पर सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुई शुरूआत

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी।** अन्तर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केन्द्र (आईयूसीटीई) वाराणसी में द डिजिटल पेडागॉजी एजुकेटर्स फॉर टुमॉरो विषय पर सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत डॉ.दीप्ति गुप्ता सहायक आचार्य आईयूसीटीई ने द लिविंग माइंड इमोशंस,ग्रोथ,एंड द साइंस ऑफ लर्निंग विषय पर एक सत्र से किया उन्होंने सीखने की प्रक्रिया में भावनाओं और न्यूरोप्लास्टिसिटी की भूमिका तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास पर उसके प्रभाव को रेखांकित किया तथा भावनात्मक रूप से संवेदनशील और प्रभावी शिक्षण परिवेश के निर्माण हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर विशेष बल दियो

दूसरे सत्र में डॉ.राजा पाठक सहायक आचार्य आईयूसीटीई ने वायर्ड फॉर वंडर न्यूरोप्लास्टिसिटी, इमोशन,एंड द हार्ट ऑफ लर्निंग विषय पर प्रेजेंटेशन के साथ व्याख्यान दियो अपने संबोधन में उन्होंने मस्तिष्क की न्यूरोप्लास्टिसिटी और भावनाओं के बीच सीखने की प्रक्रिया से जुड़े गहरे संबंधों को स्पष्ट किया उन्होंने बताया कि जिज्ञासा और भावनात्मक जुड़ाव प्रभावी अधिगम के महत्वपूर्ण घटक हैं साथ ही उन्होंने शिक्षकों से सीखने को अधिक अर्थपूर्ण और मानव केंद्रित बनाने के लिए इन पहलुओं को शिक्षण प्रक्रिया में सम्मिलित करने का आह्वान किया तीसरे सत्र में प्रो.आशीष श्रीवास्तव,संकाय प्रमुख (शैक्षणिक एवं शोध) आईयूसीटीई ने डिजाइनिंग फॉर एवरी माइंड द आर्ट ऑफ इन्क्लूसिव डिजिटल लर्निंग विषय पर व्याख्यान दिया उन्होंने समावेशी डिजिटल शिक्षण की अवधारणा और विविध पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं पर चर्चा की। इस सत्र में सभी शिक्षार्थियों के लिए सुलभ,लचीले और समान अवसर प्रदान करने वाले शिक्षण डिजाइन पर बल दिया गया उन्होंने तकनीक के माध्यम से सीखने को अधिक सहभागी,संवेदनशील और प्रभावी बनाने के उपाय भी साझा किए अंतिम सत्र में डॉ.दीप्ति गुप्ता सहायक आचार्य आईयूसीटीई ने हार्ट्स इन हार्मनी वीविंग एसईएल इंटू द डिजिटल स्टोरी विषय पर रोचक व्याख्यान दिया उन्होंने डिजिटल शिक्षण में सामाजिक भावनात्मक अधिगम (एसईएल) की भूमिका और उसके शैक्षिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने सहानुभूति, भावनात्मक संतुलन और मानवीय संवेदनाओं को डिजिटल कहानी वाचन से जोड़ने पर विशेष बल दिया साथ ही उन्होंने बताया कि एसईएल आधारित दृष्टिकोण डिजिटल शिक्षा को अधिक मानवीय,प्रभावी और समग्र बना सकता है।

इस कार्यक्रम में श्रीलंका, बेलारूस,कम्बोडिया,इक्वाडोर, घाना, कजाकिस्तान, केन्या, मोरक्को, मोजाम्बिक, म्यांमार, नामीबिया, नेपाल, रूस, रवांडा, तंजानिया, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, वियतनाम, इथियोपिया, ताजिकिस्तान, जाम्बिया, ज़िम्बाब्वे, कोट द ईवोआर और ट्रिनिडाड और टोबैगो 24 देशों के 40 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं कार्यक्रम के निदेशक प्रो.आशीष श्रीवास्तव संकाय प्रमुख (शैक्षणिक एवं शोध) आईयूसीटीई हैं जबकि इसका समन्वयन डॉ.राजा पाठक सहायक आचार्य आईयूसीटीई द्वारा किया जा रहा है सह समन्वयक के रूप में डॉ. दीप्ति गुप्ता सहायक आचार्य आईयूसीटीई और डॉ.सुनील कुमार त्रिपाठी सहायक आचार्य आईयूसीटीई अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# सैनिक संघ मोदीनगर ने विजय दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** रेलवे रोड स्थित महावीर चक्र से सम्मानित मेजर आसाराम त्यागी प्रतिमा स्थल पर पूर्व सैनिक संघ मोदीनगर द्वारा 1971 के भारत पाक युद्ध में भारतीय सेना की अनुपम विजय के उपलक्ष में ह्यविजय दिवस समारोहह्न बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्यातिथि कैप्टन विकास गुप्ता दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, कार्यक्रम अध्यक्ष संजीव गोयल ह्यसिक्काह्न दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि डॉ पवन सिंघल, पंडित राम आसरे शर्मा, प्रदीप कंसल, नीरज त्यागी एवं पूर्व सैनिक बोर्ड गाज़ियाबाद कार्यालय अध्यक्ष कैप्टन राम प्रवेश शर्मा आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

बतौर मुख्य अतिथि कैप्टन विकास गुप्ता ने उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों नागरिकों एवं एनसीसी कैडेट्स को विजय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अपने आस पास के परिवेश को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजीव गोयल ह्यसिक्काह्न ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए सभी को विजय दिवस की शुभकामनाएं दी तथा बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा की। सोल्जर बोर्ड गाज़ियाबाद के अध्यक्ष कैप्टन राम प्रवेश शर्मा, डॉ पवन सिंघल एवं नीरज त्यागी, मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, पंडित राम आसरे शर्मा, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद मोदीनगर एवं कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कंसल ने सैनिक सम्मान एवं बलिदान पर बल देते हुए राष्ट्र हित में सभी से मिल जुलकर कार्य करने की अपील की एवं सभी पूर्व सैनिकों की एकजुटता पर बल देते हुए देश भक्ति के ऐसे कार्यक्रमों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक ब्रजभूषण अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष सुनील त्यागी, महामंत्री वीरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश तोमर, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी राजकुमार तलवार मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल एवं संघ के सभी सदस्यों का पूरा योगदान रहा। इससे पूर्व 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के सैकड़ों एन सी सी कैडेट्स वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह के निर्देश अनुसार मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर के नेतृत्व में विजय दिवस जुलूस के रूप में भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के उद्घोष के साथ आमजन को स्वच्छता का संदेश देते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे एवं महावीर चक्र से सम्मानित मेजर आशाराम त्यागी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सैकड़ों एन सी सी कैडेट्स के साथ साथ कैप्टन रजनीश जिंदल, सुबेदार नारदोज थापा, हवलदार अरविन्द लै राजीव जांगिड़ आदि का सहयोग रहा।

# भारत विकास परिषद द्वारा शिक्षकों और छात्रों का किया सम्मान



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज गोविंदपुरी मोदीनगर में भारत विकास परिषद के तत्वाधान में गुरु वंदन छात्रा अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं को माता पिता और गुरुओं के सम्मान की प्रेरणा दी गई और इसकी शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की पांच छात्राओं व सात शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर भारत विकास के अध्यक्ष खेमराज आर्य सचिव, शिवानी शर्मा, डॉ विप्रा भाटिया, स्वाति गर्ग, श्री विश्ववंधु जी इत्यादि उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद द्वारा विद्यालय के उपप्रबंधक विजय मेहरा व उपाध्यक्ष अजय ग्रोवर को भी पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाली छात्राओ में कु० शगुन शर्मा, कु० प्रेरणा, कु० दिया, कु० माही, कु० अदिति कौशल सम्मिलित रहे तथा शिक्षिकाओं में श्वेता, पूनम देवी, साधना तिवारी, भावना, चंचल कश्यप, श्रीमती उषा, सरिता गौड़, सम्मिलित रहे। प्रधानाचार्य श्रीमती शिवाली बंसल ने भारत विकास परिषद के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओ में नैतिक मूल्यों व संस्कारों का विकास होता है जो समाज व राष्ट्र

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पंचायत निवाड़ी में लायंस इंटरनेशनल क्लब अंतरंग दिल्ली की तरफ से एक निशुल्क स्वास्थ्य चैकअप का कैंप लगाया गया। जिसमें सैकडों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। कस्बा निवाड़ी में निशुल्क चिकित्सा शिविर मयंक त्यागी के आवास पर लगाया गया। शिविर में आई टेस्ट, लंगस, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी आदि की जांच की गई और मरीजों को दवाई भी दी गई। काफी संख्या में महिला व व्यक्तियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। कैंप के संयोजक बिल्डर एसोसिएशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र त्यागी, अध्यक्ष संगीता त्यागी, चार्ट प्रेसिडेंट मधु भल्ला, भारतीय किसान यूनियन किसान सभा राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार वर्मा व डॉक्टर ज्ञान बौद्ध आर्य, सभासद राजन त्यागी, विक्की त्यागी, जगदीश कुमार, मंगेश्वर अरुण त्यागी संदीप त्यागी, जय भगवान फौजी, सुबोध त्यागी गगन त्यागी परमजीत सचिन ठेकेदार आदि लोगों का सहयोग रहा।

## मोदीनगर के तीन लोगों की आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में मौत

**मोदीनगर।** नगर के नमक कारोबारी, उनके भतीजे और एक कंप्यूटर इंजीनियर की उन्नाव जिले में आगराझलखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हुई है, जिसकी पहचान पुलिस नहीं कर सकी है। मोदीनगर निवासी कारोबारी अशोक अग्रवाल (56) जो काला नमक के थोक व्यापारी थे। नगर और मुरादनगर गंगनहर के पास उनकी विपिन काला नमक फैक्टरी और गोदाम है। फैक्टरी का संचालन उनके छोटे भाई सतीश अग्रवाल देख रहे थे। परिजनों के अनुसार, अशोक अग्रवाल ने सीकरी रोड निवासी दोस्त विनोद गुप्ता के साथ मिलकर हाल ही में न्यूज चैनल शुरू किया था, जिसके सिलसिले में उनका पूर्वांचल के जिलों में आना-जाना रहता था। सोमवार शाम वह अपने भतीजे अभिनव अग्रवाल (20) पुत्र सतीश अग्रवाल एवं दोस्त विनोद गुप्ता के बेटे आकाश गुप्ता (26) और एक अन्य व्यक्ति के साथ फॉर्च्यूनर कार से लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। पुलिस के अनुसार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अचानक कार डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार चारों की मौत हो गई। चारों शवों को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों में चौथे की पहचान नहीं हो सकी है।

# पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति ने विजय दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** छाया पब्लिक स्कूल गोविंदपुरी में पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति मोदीनगर इकाई के द्वारा आयोजित 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की अनुपम विजय के उपलक्ष में विजय दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सैकड़ो छात्र-छात्राएं, पूर्व सैनिक, शहीद परिवार, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व देशभक्तों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल बी एन कपूर (सेवानिवृत्त) ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य और साहस ने पाकिस्तान के 93000 सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था वर्ष 1971 में 13 दिन तक चली जंग के बाद भारत ने पाकिस्तान से अलग बांग्लादेश की गठन में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

सर्वप्रथम शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्यतः शहीद अजय कुमार के पिता वीरपाल, शहीद विनोद कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती नीतू देवी और शहीद विजेंद्र के परिजन शामिल थे। पूर्व सैनिक जनकल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एडवोकेट बालचंद बंसल (सेवानिवृत्त), मोदीनगर इकाई के अध्यक्ष पूर्व ब्लैक कैट कमांडो सूबेदार मनोज शर्मा ने कहा कि आज का दिन भारतीय नागरिकों एवं भारतीय सेना के लिए एक पर्व के समान है।

छाया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य व डायरेक्टर डॉक्टर अरुण त्यागी जी ने सभी शहीद परिवारों पूर्व सैनिकों में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया व उन्होंने देशभक्ति के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अपने संस्थान स्थल की स्वीकृति स्वेच्छा से प्रदान की। छाया पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैन्य अधिकारी ओम सिंह राणा कार्यक्रम संचालन संस्था के संयोजक लक्ष्मण सिंह राठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर 35 एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पी के सिंह व एनसीसी स्टाफ व कैडेट्स, पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा, नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अध्यक्ष विनोद कुमार वैशाली, वरिष्ठ सभासद वेद प्रकाश, देवेंद्र डायमंड, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह, शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अनुज त्यागी आदि सैकड़ो की संख्या में देशभक्त शामिल रहे।

## आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग



**मोदीनगर।** आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर रावण के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राहुल कलछीना के नेतृत्व में कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया गया। आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं द्वारा टिप्पणी के विरोध में कोतवाली पर प्रदर्शन किया और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को सौंपा। कार्यकताओं का आरोप है कि एक हिंदू संगठन के अध्यक्ष ने चंद्रशेखर रावण के खिलाफ टिप्पणी करते हुए एक वीडियो प्रसारित किया है। इस वीडियो को लेकर पार्टी कार्यकताओं में रोष है। उन्होंने पुलिस से मामले का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोदीनगर ने आसपा कार्यकताओं को आश्वासन दिया कि उनकी मांग उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएगे।

## तमंचा लेकर पीछा करने का लगाया आरोप

**मोदीनगर।** आदर्श नगर कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर कार सवार आरोपियों द्वारा बाइक में टक्कर मार कर गिराने तमंचा लेकर उनका पीछा करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है आदर्श नगर कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहां है कि हापुड़ रोड पर खंजरपुर गेट के निकट कार से आरोपितों ने सोमवार दोपहर टक्कर मारी। इसके बाद तमंचा लेकर उनका पीछा किया। किसी तरह छिपकर पीड़ित ने जान बचाई। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पीड़ित दहशत में हैं। मोदीनगर की आदर्शनगर कालोनी के संदीप कुमार की भोजपुर में जेवर की दुकान है। वे सोमवार सुबह बाइक से दुकान पर जा रहे थे। इस बीच जब वे हापुड़ रोड पर खंजरपुर गेट के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि इसी बीच कार से कुछ आरोपित उतरे। सभी के पास तमंचे थे। आरोपितों ने तमंचा लेकर उनका पीछा किया। उनकी तरफ तमंचा तानने का भी आरोप है। हिम्मत दिखाते हुए किसी तरह संदीप दौड़े और छिपकर अपनी जान बचाई।

# जिलाधिकारी ने वीर शहीदों को श्रद्धाजंलि देकर अमर शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया





**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता, 1971 के भारतझपाक युद्ध में राष्ट्र की रक्षा हेतु अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की स्मृति में मंगलवार को विजय दिवस गरिमामय समारोह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन तहसील परिसर स्थित शहीद स्मारक में किया गया। समारोह में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने शहीद सैनिक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। जहाँ पुलिस जवानों द्वारा शहीदों की शहादत और देश की रक्षा हेतु अदम्य वीरता और साहस के साथ दुश्मनों को युद्ध मे करारा जवाब देते हुए देश की रक्षा हेतु बलिदान देने वाले वीर शहीदों को सलामी दी गई। साथ ही शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।

कार्यक्रम के दौरान शहीद सैनिकों के परिजनों में वीर शहीद स्व.खड़क सिंह की पत्नी पानूली देवी, शहीद स्व.नारायण सिंह की पत्नी नंदी देवी, शहीद स्व.मोहन राम की पत्नी पदमा देवी, शहीद स्व.भैरव दत्त की पत्नी कलावती देवी को डीएम आकांक्षा कोंडे द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, बुलंदशहर द्वारा 16 दिसंबर 2025 को 1971 भारतझपाक युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में विजय दिवस का आयोजन विराट फार्म हाउस में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के जिलाध्यक्ष हरि प्रकाश ने की। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं पदाधिकारियों ने 1971 युद्ध के शहीदों व वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्र की एकता व अखंडता का स्मरण किया। कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण रहा। परिषद की जिला व तहसील इकाइयों के सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# पहली बीटीसी बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने पर्याप्त बजट नही मिलने पर जताई नाराजगी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** बागेश्वर के ब्लॉक सभागार में आयोजित पहली बीडीसी बैठक आयोजित हुई। ब्लाक प्रमुख शोभा देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का शुभारंभ विधायक पार्वती दास, जिपं अध्यक्ष शोभा आर्य, ब्लाक प्रमुख दीपा देवी, सीडीओ आर सी तिवारी, जिपं उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में क्षेपं सदस्यों, ग्राम प्रधानों ने अपने क्षेत्र और गांवों की विभिन्न समस्याओं का पूर्व में प्रस्ताव पारित होने के बाद भी अब तक बजट नही मिलने, सरकार द्वारा पर्याप्त बजट दिए जाने, और ग्राम पंचायतों में विकास हेतु बजट की कोई कमी नही होने के आश्वासन के बाद भी ग्राम पंचायतों को विकास हेतु उचित बजट नही मिल पाने पर नाराजगी जताई। प्रथम बैठक हंगामेदार रही। जनप्रतिनिधियों ने समस्याओ हेतु अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराने पर सक्षम अधिकारियों द्वारा फोन नही उठाने, और शिकायतों के समाधान को लेकर गम्भीरता नही बरतने के आरोप लगाए। पालड़िछिना से क्षेपं सदस्य और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत ने अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के लिए पूर्व में भी कई समस्याओं का ज्ञापन देने के बाद भी केवल आश्वासन दिए जाने पर नाराजगी जताई। और सड़क की मांग को लेकर दस वर्षों से आंदोलन के बाद लोनीवि अधिकारियों द्वारा ठगी करने पर उनसे जबाब मांगा और क्षेत्र की प्रमुख मांग पूरी नही होने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी दी। कहा कि जनता के विकास के प्रति उनकी जबाबदेही है। यदि अधिकारी समस्याओं की अनदेखी करेंगे तो इसके लिए आंदोलन भी किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं की बदहाली, बिजली आपूर्ति, पेयजल संकट, जर्जर सड़कों और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को लेकर ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने खुलकर नाराजगी जाहिर की। बैठक में समय समय पर अधिकारियों से समस्या समाधान और विभागीय स्तर पर किए जा रहे समाधान को लेकर जानकारी लेते हुए अधिकारियों द्वारा गोलमटोल जबाब देने पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच तीखी नोक-झोंक भी देखने को मिली। बैठक में जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव रहें तत्पर: जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वार जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान नगर निगम, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी ?प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आयी शिकायतों को शत–प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि स्थलीय निरीक्षण योग्य शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं, इसके साथ ही ?सभी शिकायतों के निस्तारण उपरान्त शिकायतकर्ता से उसका फीडबैक लेना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु अधिकारी सदैव तत्पर रहें। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम एल/ए श्री विवेक मिश्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# पत्रकार गौरव शशि नारायण को पत्नी व पितृ शोक





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। बहुत ही गहरे दुःख और पीड़ा के साथ यह सूचना साझा करनी पड़ रही है कि गाजियाबाद के समाचार पत्र दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ पत्रकार गौरव शशि नारायण के पिता और गौरव शशि नारायण की धर्मपत्नी का आज स्वर्गवास हो गया। यह अत्यंत दुःखद और अकल्पनीय घटना हम सभी को भीतर तक झकझोर देने वाली है। इस दुख की घड़ी में वेलकम इंडिया परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें. ॐ शांति शांति ?

## शिकायत के बाद निगम ने कराई पेड़-पौधों की धुलाई

**वसुंधरा**। सेक्टर-15 स्थित शिखर एनक्लेव सोसायटी में लोगों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने मंगलवार को पानी का छिड़काव कराया। लोगों का कहना है कि पेड़-पौधों और सड़कों से उड़ती धूल पर काबू पाने के लिए यह कार्रवाई की गई। उड़ती धूल के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इस परेशानी से सोसायटी के 800 से अधिक लोग प्रभावित हो रहे थे। नगर निगम के उद्यान विभाग ने लोगों की शिकायत पर सोसायटी में पेड़-पौधों पर पानी का छिड़काव कराया। निवासी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि लंबे समय से बारिश न होने के कारण सोसायटी में मौजूद 40 वर्ष से अधिक पुराने पेड़-पौधों की पत्तियों पर धूल की मोटी परत जम गई थी। उन्होंने बताया कि इससे न केवल हरियाली प्रभावित हो रही थी, बल्कि पौधों की ऑक्सीजन छोड़ने की क्षमता भी कम हो गई थी।

# श्री रामकथा के चतुर्थ दिवस बाल लीला और अहिल्या उद्धार प्रसंग ने भावुक किया जनमानस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। श्री सत्यानारायण मंदिर, ब्रिज विहार में आयोजित श्री रामकथा के चतुर्थ दिवस कथा स्थल पर भक्ति, करुणा और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास परम श्रद्धेय पं. श्रीकांत पाण्डेय जी ने आज के प्रसंग में प्रभु श्री राम की बाल लीलाओं एवं अहिल्या उद्धार की कथा का अत्यंत भावपूर्ण, विस्तारपूर्ण और हृदयस्पर्शी वर्णन किया। महाराज श्री ने प्रभु श्री राम की बाल लीलाओं के माध्यम से यह संदेश दिया कि भगवान का बाल स्वरूप भी समाज को संस्कार, अनुशासन और विनम्रता की शिक्षा देता है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बाल्यावस्था में ही प्रभु श्री राम का व्यवहार माता-पिता, गुरुजनों और समाज के प्रति मर्यादा और आदर्श से परिपूर्ण था, जो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन के लिए प्रेरणास्त्रोत है। अहिल्या उद्धार प्रसंग के वर्णन के दौरान कथा स्थल विशेष रूप से भावुक हो उठा। महाराज श्री ने कहा कि अहिल्या उद्धार केवल एक व्यक्ति का उद्धार नहीं, बल्कि यह नारी सम्मान, करुणा और समाज में पुनर्जागरण का प्रतीक है। प्रभु श्री राम के चरण स्पर्श मात्र से अहिल्या का उद्धार यह दशार्ता है कि ईश्वर की कृपा से जीवन में कितना भी अंधकार क्यों न हो, प्रकाश अवश्य आता है। कथा के दौरान अनेक श्रद्धालु भावविभोर होकर प्रभु श्री राम के करुणामय स्वरूप में डूबे दिखाई दिए और वातावरण पूर्णतः राममय हो गया। आज की कथा के यजमान सपना सुधीर राय रहे।

वहीं आज का प्रसाद राम मोहन गुप्ता जी की ओर से श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। कथा के चतुर्थ दिवस अनेक विशिष्ट जनों ने उपस्थित होकर कथा श्रवण किया और गहरी आस्था प्रकट की। इनमें भारतीय जनता पार्टी महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान जी, डॉ. आर.के. मित्तल, सियाराम, पूर्व पार्षद सुनीता चौधरी, विकास राजपूत सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## वेलकम इंडिया



आज वाल्मिकी पार्क, नवयुग मार्केट में प्रान्तीय परिषद के सदस्य, पूर्व नामित पार्षद व वाल्मिकी समाज के प्रमुख भाई प्रदीप चौहान वाल्मिकी को अल्पसंख्यक आयोग उ०प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह, पूर्व महानगर मीडिया प्रभारी राजीव अग्रवाल व वरिष्ठ नेता कामेश्वर त्यागी ने पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

# टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग में एयरवे अवेंजर्स के सिर सजा ताज



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग-टीएमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट के कुल 14 मुकाबलों में भिड़ी पांच टीमें, डॉ. स्नेहिल देवडिया 35 बॉल्स पर 42 रन बनाकर मैन ऑफ दी मैच तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग- टीएमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट पहली बार आईपीएल की तर्ज पर हुआ। बोलियां लगी और खिलाड़ी बिके, लेकिन खास बात यह रही कि टीएमपीएल का यह ऑक्शन वर्चुअली रहा। इस नीलामी में ऑलराउंडर शिवा सोलंकी और शान्तनु तोमर सर्वाधिक मंहगे बिके। इन मुकाबलों में मेडिकल स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टीज ने भी अपना हुनर दिखाया। नौ दिनी इस लीग में पांच टीमों के बीच कुल 14 मैच हुए।

टीएमयू के क्रिकेट मैदान पर हुए अंतिम मुकाबले में टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने टीएमयू टॉक्सिन को आठ विकेट से एकतरफा मात दी। समापन समारोह में तीर्थंकर मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. आरके कौल, डॉ. आरिफ वकार, डॉ. शाहबाज आलम, डॉ. अरसद, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. आकाश गांधी आदि मौजूद रहे। टॉस जीतकर एयरवे अवेंजर्स के कप्तान डॉ. अंकुर सिंह ने बॉलिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टॉक्सिन की टीम निर्धारित 20 ओवर में 167 रनों पर ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने 18 ओवर में ही 02 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।

# शौण्डिक वैश्य महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन प्यारेलाल भवन में आई टी ओ नई दिल्ली संपन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। दिनांक 14.12.2025 को नई दिल्ली आई टी ओ के पास स्थित प्यारेलाल भवन में अंतरराष्ट्रीय सूड़ी - शौण्डिक वैश्य महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन प्रोफेसर श्री राम अवतार महतो, सभापति अखिल भारतीय शौडिक संघ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक के आयोजन में प्रमुख रूप से चार राज्यों के संगठन की सहभागिता हुई जिसमें दिल्ली सूड़ी समाज (मीरा सूड़ी प्रकाश भवन), अखिल भारतीय शौण्डिक संघ, छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज एवं झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ की सहभागिता रही। इस कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य रूप से पांच संयोजक बनाए गए और इस कार्यक्रम के संयोजक दिल्ली सूड़ी समाज के अध्यक्ष को बनाया गया। इस प्रकार है श्री रंजन कुमार वरीय अधिवक्ता, सह महामंत्री दिल्ली सूड़ी समाज (मीरा प्रकाश सूड़ी भवन) श्री श्याम सुंदर प्रसाद, महामंत्री, अखिल भारतीय शौण्डिक संघ, श्री शिव रतन गुप्ता, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज एवं श्री वीरेंद्र साहू उपाध्यक्ष, झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ के संयोजक तत्व में कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश के कोने-कोने से सूड़ी समाज की उपस्थिति हुई। साथ ही भारत वर्ष के प्रत्येक राज्य से प्रतिनिधि मंडल के रूप में सूड़ी समाज के अग्रगण्य लोग उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रूप से उड़ीसा के अध्यक्ष विक्रम साहू तेलंगाना से मुरली कुमार उत्तर प्रदेश से श्री संजय प्रसाद सरस्वती जी., सुरत सूड़ी समाज के प्रतिनिधि मंडल, और बिहार के प्रत्येक जिलों प्रतिनिधि मंडल, झारखंड प्रदेश के प्रत्येक जिलों के प्रतिनिधि मंडल, झारखंड प्रदेश के प्रत्येक जिलों से प्रतिनिधि मंडल इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। यहां तक की पड़ोसी देश नेपाल से भी श्री शत्रुघ्न महासेठ के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल की उपस्थिति हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था राष्ट्रीय स्तर पर एकता कायम करते हुए दिल्ली प्रदेश के सरकारी सूची में सूड़ी जाति को ओबीसी की श्रेणी में दर्ज कराने का प्रयास एवं संघर्ष करते रहना है ।

यद्यपि इस कार्यक्रम के लिए पूर्व से दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री की स्वीकृति प्राप्त थी परंतु आवश्यक कार्यवस उनकी उपस्थिति नहीं हो सकी लेकिन पश्चिम बंगाल के सांसद श्री सौमित्र खा, झारखंड के राज्यसभा सदस्य श्री आदित्य साहू सह प्रदेश भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष, बिहार के श्री अरुण शंकर प्रसाद, माननीय मंत्री, बिहार सरकार, बिहार विधानसभा के माननीय सदस्य डॉक्टर प्रकाश चंद्र, श्री बैद्यनाथ प्रसाद, विधान सभा सदस्य, विधान पार्षद श्रीमती रेखा कुमारी, विधान सभा सदस्य डॉक्टर अस्मिता गुप्ता साथ में बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डॉ रामचंद्र पूर्वे पूर्व उद्योग मंत्री समीर महासेठ एवं पूर्व विधान पार्षद श्री सुमन महासेठ, श्रीमती ममता कुमारी सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग, दिल्ली वैश्य नेता श्री द्वारिक पूर्वे ऐसे महानुभावों की उपस्थिति एवं उनका मार्गदर्शन इस कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण बना। कार्यक्रम में श्री रंजन कुमार जी द्वारा संपादित स्मारिका सूड़ी संदेश का विमोचन उपस्थित सभी माननीय अतिथियों के कर कमलों द्वारा की गई। जहां एक ओर प्यारेलाल भवन प्रतिनिधियों एवं दिल्ली सूड़ी समाज के सदस्यों से खचाखच भरा हुआ था वहीं दूसरी ओर उतने ही समाज के लोग प्यारेलाल को सफल बनाने के लिए रंजन जी एवं अरुण जी के अथक प्रयास से बृहद रूप में देखने का अवसर प्राप्त हुआ प्रज्वलन गीत के अवसर पर माननीय अतिथियों के स्वागत के लिए स्वागत नृत्य नाटिका भवन के बाहर खड़े होकर एलईडी के माध्यम से सारे कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट भी देख रहे थे।





# प्रदूषण का जहर नौनिहालों की सांसों पर भारी, अब देशभक्ति दिखाने का समय: सीमा त्यागी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। तेजी से बढ़ता वायु प्रदूषण आज देश के नौनिहालों के स्वास्थ्य पर सबसे बड़ा संकट बनता जा रहा है। बच्चों की सांसें जहरीली हवा में घुट रही हैं और इसका सीधा असर उनके फेफड़ों, प्रतिरक्षा तंत्र के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ रहा है। यह केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आपातकाल जैसी स्थिति है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने कहा कि प्रदूषण अब केवल पर्यावरण की समस्या नहीं रहा, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के भविष्य पर सीधा हमला है। छोटे बच्चों में सांस संबंधी बीमारियाँ, एलर्जी, अस्थमा और आंखों की समस्याएँ लगातार बढ़ रही हैं, जो अत्यंत गंभीर चेतावनी हैं।

आज प्रदूषण को रोकना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का राष्ट्रधर्म है। यदि हम सच में देशभक्त हैं, तो हमें अपने आचरण में बदलाव लाना होगा। खुले में कूड़ा जलाना बंद करना, अनावश्यक वाहनों का प्रयोग न करना, सार्वजनिक परिवहन को अपनाना, अधिक से अधिक पेड़ लगाना और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाना ही सच्ची देशभक्ति है। मैं केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील करती हूँ कि प्रदूषण नियंत्रण नियमों को सख्ती से लागू किया जाए, स्कूलों के आसपास विशेष स्वच्छ वायु क्षेत्र बनाए जाएं तथा बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यदि सरकार द्वारा अब भी प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी माफ नहीं करेंगी। अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर प्रदूषण के विरुद्ध एकजुट हों और देशभक्ति को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि अपने व्यवहार में उतारें।

# हादसे में घायल बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती, ढूंढता रहा परिवार

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद**। लिंकरोड थानाक्षेत्र के सूर्यनगर निवासी प्रकाश सैनी को 12 दिसंबर की सुबह तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया। करीब तीन-चार घंटे बाद पिता को ढूंढते हुए चौकी पहुंचे रजत सैनी को हादसे की जानकारी हुई। 15 दिसंबर को रजत ने पुलिस को तहरीर दी। 16 दिसंबर को पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। दर्ज मामले में रजत सैनी ने बताया कि 12 दिसंबर की सुबह करीब छह बजे उनके पिता हर रोज की तरह टहलने निकले थे। करीब 8:30 बजे तक जब पिता वापस नहीं लौटे तब उन्होंने खोजबीन शुरू की।